ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -8, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 359 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
14 जून 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
39 अधिकतम
28 न्यूनतम


Page- 7

### काउंसलिंग पर रोक से फिर सुप्रीम इंकार, छात्रों का विरोध जारी

# नीट विवादः सभी याचिकाकर्ताओं को नोटिस, सीबीआई की एंट्री होगी?




**नई दिल्ली , एजेंसी।**

ग्रेस मार्क्स से बवाल के बीच आज नीट काउंसलिंग पर फिर से सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से इनकार कर दिया है, साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं को उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में ट्रांसफर करने के अनुरोध वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट का कहना है कि नीट-यूजी विवाद पर मामलों को विभिन्न उच्च न्यायालयों से शीर्ष अदालत में ट्रांसफर करने की मांग वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। एक याचिकाकर्ता ने सीबीआई जांच की मांग की तो इस पर भी सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए से पूछा कि आज ही सीबीआई जांच का आदेश दे सकते है क्या ? कोर्ट ने इस पर एनटीए से जवाब मांगा है।

आज कुल 11 याचिकाएं थीं, इनमें चार एनटीए की तरफ से दाखिल की गई थीं। जिनमें अलग-अलग उच्च न्यायालयों में नीट परीक्षा से जुड़े मामलों को सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की अर्जी थी। 7 याचिकाएं अलग अलग छात्रों ने दाखिल की थी। इनमें पेपर लीक की सीबीआई जांच करवाने , परीक्षा रद्द करने , ग्रेस मार्क्स खत्म करने और परीक्षा केंद्रों के चयन में धांधली जैसी शिकायतें की गई थीं. इन सभी याचिकाओं पर कोर्ट ने नोटिस जारी किया और सब पर सुनवाई पहले की याचिकाओं के साथ 8 जुलाई को होगी। नीट-यूजी विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं को अलग-अलग हाईकोर्ट से शीर्ष अदालत में हस्तांतरित करने की मांग वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की याचिका पर सभी पक्षों को नोटिस जारी किया है। इस याचिका पर 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर भी एनटीए से जवाब मांगा है।

## अब पीएम का मिशन कश्मीर, डल झील पर करेंगे योग

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कश्मीर में विधानसभा चुनाव की हलचल के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब 21 जून को कश्मीर में रहेंगे। वे डल झील के किनारे होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। पीएम ये दौरा इसलिये भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में घाटी में कई आतंकी हमले हुए हैं। खबरों के मुताबिक अधिकारियों ने इस यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी हैं और फिलहाल कार्यक्रम का आयोजन डल झील के किनारे स्थित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र के लॉन में किया जाना तय है। प्रधानमंत्री 20 जून को श्रीनगर पहुंच सकते हैं। ताकि 21 जून की सुबह योग दिवस कार्यक्रम में भाग ले सकें। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम को सुरक्षित तरीके से आयोजित किया जाए।


फाइल फोटो

## जलगंगा अभियान के साथ छिंदवाड़ा मिशन पर निकले मुख्यमंत्री यादव



**भोपाल दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री मोहन यादव आज बैतूल और छिंदवाड़ा जिले में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। खास बात यह है कि आज से ही छिंदवाडा के विस क्षेत्र अमरवाडा में उपचुनाव के लिये नामांकन का दौर शुर हुआ है। मुख्यमंत्री आज सबसे पहले मुलताई पहुंचे और गंगा संवर्धन अभियान के तहत ताप्ती में भाग लिया व 347 करोड़ से अधिक के 1008 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन भी किया। यहां से वे छिंदवाड़ा बिछुआ के पुलपुलडोह पहुंचकर शहीद कबीर उइके के निवास पहुंचकर शोक व्यक्त करेंगे इसके बाद जल गंगा संवर्धन अभियान और दोपहर 2.40 बजे पोला ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शहीदों के परिवार को अनुग्रह राशि के स्वीकृति पत्रों और हितग्राहियों को हित लाभ वितरण करेगें।

## दतिया में ट्रेक्टर ट्राली पलटने से पांच मौतें

**दतिया , एजेंसी।**

मप्र के दतिया जिले में दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है और 19 से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों में तीन मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसे के समय टैक्टर-टॉली में करीब 30 लोग सवार थे। सभी रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे, इस दौरान दुरसड़ा थाना क्षेत्र के जोरा मैथाना पाली गांव के पास सुबह करीब पांच बजे हादसा हो गया। पुलिस के मुताबिक भांडेर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरेथा और मैथाना-पाली की पुलिया के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गया। घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा है। गांव के करीब 200 लोगों एक साथ रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे। यह सभी छह ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर एक साथ निकले थे। इस दौरान ग्राम कुरेथा और मैथाना-पाली की पुलिया पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट नीचे गिरकर पलट गया।




## सरकारें आमने-सामने, नहर की निगरानी में जुटे पांच थाने

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

पानी की किल्लत को लेकर दिल्ली में बवाल मचा हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के सामने दिल्ली सरकार ने जवाब दाखिल कर कहा है कि टैंकर माफिया हरियाणा साइड से ऑपरेट कर रहे हैं। दिल्ली सरकार का उनके खिलाफ एक्शन लेने के लिए जूरिडिक्शन नहीं बनता है। दिल्ली सरकार ने कहा कि हरियाणा को यह साफ करना चाहिए कि पानी सप्लाई निर्बाध तरीके से हो यह सुनिश्चित करने के लिए उसने क्या कदम उठाए हैं। उधर, दिल्ली में जल संकट के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान राज्य सरकारें आमने-सामने आती दिख रही हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार भी अपने पहले के बयान से पलट गई है। पहले उसने कहा था कि वह अतिरिक्त 137 क्यूसेक पानी दिल्ली को सप्लाई करेगी, लेकिन अब कहा है कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है। वहीं दिल्ली में पांच थानों की पुलिस मुनक नहर के पानी की पहरेदारी कर रही है। पानी की किल्लत को लेकर राजनीतिक पारा भी चढ़ गया है।



## हमेशा पुरूष गलत नहीं होता, इलाहबाद हाइकोर्ट की अहम टिप्पणी



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि यौन उत्पीड़न के मामले में कानून महिलाओं के पक्ष में है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि हमेशा पुरुष ही गलत हो, महिला की भी गलती हो सकती है। दरअसल, एक महिला ने साल 2019 में आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था। उसने कहा कि आरोपी ने उसकी जाति को लेकर भी अपमानजनक बातें कही। जिला न्यायालय ने सुनवाई के बाद आरोपी को दोषमुक्त कर दिया और सिर्फ आईपीसी की धारा 323 के तहत ही दोषी ठहराया। महिला ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और न्यायमूर्ति नंद प्रभा शुक्ला की खंडपीठ ने जिला कोर्ट के निर्णय को बरकरार रखते हुए उक्त टिप्पणी की।

## जावरा में मंदिर में गोवंश के टुकडे से फैला तनाव

**जावरा।** रतलाम जिले के जावरा में आज सुबह जागनाथ मंदिर परिसर में गोवंश के अवशेष मिलने से लोगों में रोष फैल गया है। बड़ी संख्या में लोग व हिन्दू संगठनों के कार्यकओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नगर बंद करवा दिया। प्रदर्शनकारियों ने महू नीमच हाइवे (फोरलेन) पर चक्काजाम कर दिया गया। रतलाम के पुलिस अधिकारी व विधायक राजेन्द्र पांडे भी घटना स्थल पर पहुंचे। मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जाता है कि तड़के पुजारी मंदिर पहुंचे तो परिसर में गोवंश के अवशेष दिखाई देने पर उन्होंने अन्य लोगों व पुलिस को सूचना दी।जावरा में जगह-जगह पुलिस बल तैनात है।

### 45 में से अधिकांश केरल के

## कुवैत अग्निकांड के मृतकों को लेकर वायुसेना विमान आया

**कोच्चि , एजेंसी।**

कुवैत में हुए भीषण अग्निकांड में मरने वालों के शव लेकर वहीं, भारतीय वायु सेना का एक विशेष विमान, सी-130जे मृतक 45 भारतीयों के शवों को लेकर शुक्रवार सुबह कोच्चि पहुंचा। जहां हादसा हुआ उस इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक काम कर रहे थे। मृतकों में दो उत्तरप्रदेश, 24 केरल, सात तमिलनाडु और तीन आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे। भारतीय दूतावास ने इस बारे में जानकारी दी है। दूतावास ने बताया कि विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी उसी विमान से वापस आए। पहले यह विमान केरल के कोच्चि में उतरा, क्योंकि ज्यादातर मृतक वहीं के थे। इसके बाद विमान दिल्ली आया। यहां से शव संबंधित राज्यों में भेजे जाएंगे।



48 शवों की पहचान-यूपी व आंध्रप्रदेश के मृतकों भी पहचान भी हो गई है। अरब टाइम्स ने कुवैत के प्रथम उप प्रधानमंत्री शेख फहद अल-यूसूफ अल-यूसुफ के हवाले से बताया कि अधिकारियों ने अब तक 48 शवों की पहचान की है। वहीं केरल सरकार ने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की मदद की घोषणा की है।

## रामभक्त अहंकारी हो गए इसलिए उन्हें प्रभु ने 241 पर ही रोक दिया



### भागवत के बाद संघ नेता इंद्रेश की टिप्पणी

**जयपुर , एजेंसी।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नेता इंद्रेश कुमार ने लोकसभा चुनाव के नतीजे पर गहरी बात कही है। उन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा को 'अहंकारी' और विपक्षी इंडिया ब्लॉक को 'राम विरोधी' करार दिया है। इंद्रेशकुमार ने कहा, राम सबके साथ न्याय करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में जिन्होंने राम की भक्ति की, उनमें धीरे-धीरे अंहकार आ गया। पार्टी को 241 देकर सबसे बड़ा तो बना दिया लेकिन उसको जो पूर्ण हक मिलना था, वो भगवान ने अहंकार के कारण रोक दिया। इसी तरह जिनकी राम में आस्था नहीं थी व विरोध किया, उन्हें बिल्कुल भी शक्ति नहीं दी। वे सब मिलकर भी नंबर-1 नहीं बने बल्कि 234 पर नंबर दो बनकर खड़े रह गए, इसलिए प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है, सत्य व बड़ा आनंददायक है। इंद्रेश कुमार ने यह बात 'रामरथ अयोध्या यात्रा दर्शन पूजन समारोह' में कही। वे आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य भी हैं, हालांकि उन्होंने बयान में किसी पार्टी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका इशारा साफ तौर पर पक्ष-विपक्ष की तरफ संकेत रहा।

खास बात यह है कि इंद्रेश कुमार की यह टिप्पणी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें भागवत ने कमहा था कि सच्चे 'सेवक' में अहंकार नहीं होता और वो 'गरिमा' बनाए रखते हुए लोगों की सेवा करता है। उन्होंने नागपुर में कहा था कि जो सच्चे सेवक हैं, जिसे वास्तविक सेवक कहा जा सकता है, वो मर्यादा से चलता है। वो कर्म करता है लेकिन कर्मों में लिपटा नहीं होता।

**मेट्रो एंकर**

### सीबीआई व एनआईए में भी ढेरों महत्वपूर्ण पद खाली

# केंद्र में टोटा, राज्यों से कहा-ज्यादा आईपीएस भेजें

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

गृह मंत्रालय ने केंद्रीय पुलिस संगठनों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में खाली पड़े पदों को भरने के लिए भारतीय पुलिस सेवा अधिकारियों के नामांकन के लिए राज्यों को एक रिमाइंडर भेजा है। हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा को छोड़कर मुख्य सचिवों को लिखे गए दूसरे पत्र में गृह मंत्रालय के पुलिस-I प्रभाग के निदेशक ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने आईपीएस अधिकारियों की पर्याप्त सिफारिशें नहीं भेजी हैं, खासकर अधीक्षकों और पुलिस महानिरीक्षक रैंक के बीच के अफसरों की। बीती तीन जून तक, एसपी स्तर पर 129, उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रैंक के लिए 81 और आईजी अधिकारियों के लिए 25 पद खाली थे, जबकि स्वीकृत पदों की संख्या क्रमशः 129, 256 और 147 है।

देश की शीर्ष दो केंद्रीय जांच एजेंसियों, केंद्रीय जांच ब्यूरो और राष्ट्रीय जांच एजेंसी में, एसपी स्तर पर क्रमशः 73 स्वीकृत पदों में से 54 और 36 स्वीकृत पदों में से 13 खाली हैं। हालांकि, वरिष्ठ स्तर पर, इन जांच एजेंसियों की स्थिति बेहतर थी, क्योंकि डीआईजी, आईजी और एडीजी (अतिरिक्त महानिदेशक) के स्तर पर कोई पद खाली नहीं था या बहुत कम थे। इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), जिसके पास आंतरिक सुरक्षा का प्रबंधन करने का अधिदेश है, में एसपी स्तर पर 83 स्वीकृत पदों में से 50 खाली पद हैं। केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 63 में से केवल 33 डीआईजी के पद भरे गए हैं. आईबी में विशेष महानिदेशक और अतिरिक्त महानिदेशक स्तर पर दो और आठ स्वीकृत पद भी खाली पड़े हैं। एपीएफ में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, जो चीन के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करती है, में डीआईजी स्तर पर 11 अधिकारियों की स्वीकृत संख्या में से छह पद खाली हैं।



### डीजीपी स्तर के पद भी पड़े हैं खाली

इसी तरह, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा की रक्षा करने वाले सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 26 अधिकारियों की क्षमता में से डीआईजी स्तर पर 10 पद खाली हैं. आईजी स्तर पर, कुल 21 पदों में से छह पद खाली हैं, जबकि एकमात्र एडीजी पद भी खाली है। केंद्रीय रिजर्व बल, जिसके पास जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद विरोधी अभियान, नक्सल विरोधी अभियान और राज्यों में चुनाव कराने और कानून व्यवस्था बनाए रखने का व्यापक अधिदेश है, में 38 की कुल स्वीकृत क्षमता में से डीआईजी स्तर पर सात पद खाली हैं. बल में 23 स्वीकृत पदों में से आईजी स्तर पर पांच पद खाली हैं।

# मंत्रालय आग की जांच रिपोर्ट आई, अफसर नहीं कर रहे कारणों का खुलासा

## 9 मार्च को लगी थी मंत्रालय में आग, हुआ था भयानक नुकसान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मंत्रालय के पुराने भवन में लगी आग की विस्तृत जांच रिपोर्ट तो आ गई है लेकिन अधिकारी आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं कर रहे हैं। माना जा रहा है कि कोई भी आग लगने की वजह को अपने सिर नहीं लेना चाह रहे हैं। प्राथमिक तौर पर कई लोग मानते हैं कि यह आग लापरवाही की थी, जहां कहीं न कहीं सिस्टम में लापरवाही होने के कारण लगी थी अब भले ही आगे के वास्तविक कारणों को दबाया जा रहा हो। यह विस्तृत रिपोर्ट है जो गुरुवार को आई है।



### रिपोर्ट पर अफसरों का मंथन

आग लगने की जांच से जुड़ी रिपोर्ट पर विस्तृत मंथन हो चुका है जो कि हाई लेवल कमेटी में शामिल अधिकारियों ने किया है। अब उक्त् रिपोर्ट को मुख्यमंत्री के सामने पेश किया जाएगा।

### दो बार लग चुकी है मंत्रालय में आग

मंत्रालय के पुराने भवन में 9 मार्च को आग लगी थी। तीसरे, चौथे व पांचवे माले के हिस्से चपेट में आए थे। जिसमें हजारों फाइलें, फर्नीचर व उपकरण खराब हो गए। इसके बाद मंत्रालय की सुरक्षा पर सवाल उठने लगे थे कि आखिरकार इतनी पुख्ता सुरक्षा के बीच आग कैसे लग गई। आग लगने की यह कोई पहली घटना नहीं थी बल्कि इसके पूर्व 22 मार्च 2016 को भी आग लगी थी। तब मुख्यमंत्री के कार्यालय क्रमांक 523 व उसके आसपास के कैबिन जल गए। फाइलें, फर्नीचर व उपकरण आग की भेंट चढ़ गए। तब मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से जुड़ी हजारों फाइलें आग की भेंट चढ़ी थीं।

## आज से भरे जाने है नामांकन, शाह अमरवाड़ा सीट से थे विधायक

# कांग्रेस को हराने वाले कांग्रेसी शाह को भाजपा ने दिया टिकट

## लोकसभा चुनाव के बीच दिया था इस्तीफा, हुए थे भाजपा में शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छिंदवाड़ा एक बार फिर राजनीतिक सुर्खियों में आ गया है। यहां की अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर उप चुनाव होने हैं इसके लिए भाजपा ने कमलेश शाह को टिकट भी दे दिया है। यह वही कमलेश शाह है जो बीच लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। यही नहीं, इन्होंने विधायकी से इस्तीफा दिया था, जिसके बाद अमरवाड़ा विधानसभा सीट खाली हो गई थी। गुरुवार देर रात को भाजपा ने शाह को इस सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इस सीट पर चुनाव के लिए आज शुक्रवार से नामांकन भरे जाना है।

छह माह पहले नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में अमरवाड़ा सीट पर कांग्रेस 25 हजार 86 वोटों से जीती थी और शाह विधायक बने थे जबकि भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर 78 हजार 473 वोट मिले, जबकि भाजपा को 93 हजार 512 वोट मिले हैं। यह अंतर कमलेश शाह के कांग्रेस छोड़ने पर आया है और इस तरह कांग्रेस को छिंदवाड़ा की एक सीट गंवानी पड़ी है।



### शाह के लिए अग्निपरीक्षा, कमलनाथ की प्रतिष्ठा फिर दांव पर



अब शाह के लिए विधानसभा उप चुनाव अग्निपरीक्षा जैसा हो गया है तो लोकसभा चुनाव बेटे नकुलनाथ की हार का सामना कर रहे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के लिए यह सीट बचाना बड़ी प्रतिष्ठा माना जा रहा है। चूंकि छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ रहा है और यहां की सभी विधानसभा कांग्रेस ने जीती थी। यहां से कमलनाथ खुद विधायक है। माना जा रहा है कि कमलेश शाह आदिवासी चेहरा है, कांग्रेस की टिकट पर 2023 के विधानसभा चुनाव में जीतकर आए थे। सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव के समय कमलनाथ व उनके पुत्र नकुल नाथ के दलबदल की सूचनाओं से परेशान होकर कमलेश शाह ने विधायकी से इस्तीफा दिया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी व उनके पुत्र नकुल नाथ की बुरी तरह हार हुई है। इस सीट पर अभी कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले है।

# प्रदेश के दो सीएम राइज स्कूल वर्ल्ड बेस्ट स्कूल पुरस्कारों के टॉप 10 में शामिल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के दो सीएम राइज स्कूलों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10 स्कूलों में शामिल किया गया है। अंतरराष्ट्रीय संस्था टी-4 एज्युकेशन द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार सीएम राइज विनोबा स्कूल, रतलाम को इनोवेशन श्रेणी में तथा सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक स्कूल, झाबुआ को सपोर्टिंग हेल्दी लाइफ्स श्रेणी में चयनित किया गया है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में प्रदेश के 2 सीएम राइज स्कूलों के चयन पर प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने इन स्कूलों के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ ही विभाग की समूची टीम को बधाई दी है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि, आज हमारा राज्य वैश्विक मंच पर चमक रहा है, क्योंकि हमारे दो सीएम राइज स्कूलों ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कारों की शीर्ष 10 की सूची में स्थान बनाया है। यह हम सभी के लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

**टी-4 संस्था प्रतिवर्ष 4 अलग-अलग श्रेणियों में स्कूलों का चयन करती है:** उल्लेखनीय है कि टी-4 एजुकेशन एक वैश्विक मंच है जो 100 से अधिक देशों के 2,00,000 से अधिक शिक्षकों के समुदाय को नवाचारी प्रक्रियाओं और शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रोत्साहित करता है। टी-4 संस्था प्रतिवर्ष 4 अलग-




अलग श्रेणियों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 10-10 स्कूलों का चयन करती है। जिनका विवरण संस्था के वेब प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जाता है। उक्त विवरण के आधार पर वोटिंग के बाद सर्वश्रेष्ठ 3-3 स्कूलों को वर्ल्ड बेस्ट स्कूल का पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

## बुधनी में प्रत्याशी चयन के लिये जववर्धन व पटेल पर्यवेक्षक

**भोपाल।** हाल में शिवराज सिंह चौहान के सांसद चुने जाने के चलते रिक्त हुई बुधनी विधानसभा की सीट पर उपचुनाव से पहले बूथ स्तर तक तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह एवं पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल को प्रभारी मनोनीत किया है। दोनों से कहा गया है कि वे सीहोर जिले की बधुनी विधानसभा का दौरा कार्यक्रम निर्धारित कर वहां के वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जिले के स्थानीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर सर्वसम्मति से कांग्रेस पार्टी को विजय दिलाने वाले संभावित प्रत्याशी का नाम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को प्रेषित करें।

## विंध्य के दिवेदी के सेनाध्यक्ष बनने पर सिंह ने दी बधाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पूर्व नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने विंध्य के सपूत लेफ्टीनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी को भारतीय सेना का नया सेना अध्यक्ष बनाये जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि विंध्य के ही एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी पहले से ही नौसेना प्रमुख का पदभार संभाल चुके हैं। सिंह ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि उन्होंने न केवल विंध्य बल्कि मध्यप्रदेश का नाम पूरे देश में ऊंचा किया है। यह भी एक सुखद संयोग है कि दोनों अफसर स्कूल के अभिन्न मित्र हैं और दोनों ने एक साथ रीवा के सैनिक स्कूल से पढ़ाई भी की है। उल्लेखनीय है कि सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी रीवा के गढ़ के समीप मुड़ला गांव के निवासी है। इसी तरह एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी भी सतना के रामपुर बघेलान स्थित मडुहर गाँव के रहने वाले हैं।



### अयोध्या धाम के लिए चले वंदे भारत

# भोपाल से अयोध्या सीधी ट्रेन हेतु रेल मंत्री को लिखा विधायक ने पत्र

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा है। जनता की आस्था को ध्यान में रखकर भोपाल से अयोध्या धाम तक वंदे भारत ट्रेन के संचालन की मांग रखी है।



अपने पत्र में विधायक रामेश्वर शर्मा ने मांग करते हुए लिखा है कि - 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या जी में प्रभु श्रीराम लला का मंदिर निर्माण संभव हुआ है। लेकिन राजधानी भोपाल से अयोध्या जी की सीधी रेल कनेक्टिविटी नहीं होने से नागरिकों को अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। मेरा अनुरोध है कि अयोध्या जी जाने के लिये वन्दे भारत एक्सप्रेस की ट्रेन प्रारंभ करने की कृपा करे। जिससे भोपाल सहित आसपास के जिलों के नागरिक सीधे अयोध्या जी पहुंच सके'।

### वंदेभारत से भोपाली जाएं अयोध्या

भोपालवासियों की ओर से पत्र को संबोधित करते हुए विधायक ने आगे लिखा - 'आग्रह है कि यही वन्दे भारत ट्रेन अयोध्याजी सहित प्रयागराज एवं वाराणसी तक जाए जिससे इस ट्रेन की उपयोगिता और बढ़ जायेगी' विधायक रामेश्वर शर्मा की इस मांग को नागरिकों का भी व्यापक समर्थन मिला रहा है। लोग सोशल मीडिया पर विधायक शर्मा का आभार जताते हुए उनकी मांग का समर्थन कर रहे हैं।

### कई संगठनों ने रखी है मांग

रेलमंत्री को लिखे पत्र के संबंध में विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि - जब से अयोध्या में प्रभु श्री रामलला जी का मंदिर बना है, तब से हर रामभक्त के मन में अपने प्रभु के दर्शन की अभिलाषा है। भोपाल के लोग भी अपने प्रभु के दर्शन करने को जत्था लेकर जाते हैं। लेकिन भोपाल से अयोध्या धाम तक सीधे कोई ट्रेन संचालित न होने के कारण भोपाल वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई संगठनों के लोगों ने आकर इस विषय पर अपनी चिंता व्यक्त की जिसके बाद रेलमंत्रीको पत्र लिखते हुए भोपाल से अयोध्या धाम और आगे प्रयागराज व वाराणसी तक वंदे भारत ट्रेन के संचालन का आग्रह किया है।

## मिस्टर मीडिया पुस्तक का लोकार्पण आज

**भोपाल ।** निष्पक्ष पत्रकारिता पर केंद्रित पुस्तक 'मिस्टर मीडिया' का लोकार्पण आज शाम हो रहा है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश बादल ने इसे लिखा है। उन्होंने कहा है कि इसे भारत में पत्रकारिता के तमाम अवतारों की मौजूदा भूमिका का समीक्षात्मक अध्ययन भी माना जा सकता हैं । नेशनल बुक ट्रस्ट के संपादक रहे पंकज चतुर्वेदी इसके सूत्रधार हैं। उन्होंने सेवानिवृत होने के बाद अपना प्रकाशन संस्थान प्रवासी प्रेम पब्लिकेशंस प्रारंभ किया है। पुस्तक का लोकार्पण शाम को मप्र हिंदी साहित्य सम्मेलन के नीलम जयंती शब्द उत्सव में किया जाएगा। बादल ने कहा कि इस किताब में चुनिंदा 160 आलेख हैं।

### पेंटिंग कार्यशाला



भोपाल के जनजाति संग्रहालय में पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चे पेंटिंग देखते हुए।

# चयनित शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

उच्च माध्यमिक शिक्षक (वर्ग-1) पात्रता परीक्षा 2023 की परीक्षा के प्रतीक्षा सूची में शामिल चयनित अभ्यर्थियों ने शिक्षकों की भर्ती में पदवृद्धि की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया। चयनित शिक्षकों की मांग है कि सरकारी स्कूलों में वर्ग-1 के जो पद खाली हैं, उनके विरुद्ध भर्तियां की जाए। उन्होंने उच्च माध्यमिक शिक्षक भर्ती 2023 में पदवृद्धि की मांग की, जिससे सरकारी स्कूलों में बच्चों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिल सके। प्रदेशभर से 700 से अधिक चयनित शिक्षक रानी कमलापति स्टेशन से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए बोर्ड आफिस चौराहे पर पहुंचे थे। इसके बाद संयुक्त मोर्चा (वेटिंग शिक्षक) के नेतृत्व में सुबह 10.30 बजे से दोपहर दो बजे के बीच भाजपा कार्यालय से लेकर लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) तक पैदल मार्च निकाला। डीपीआइ पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उमस और गर्मी के कारण दो महिला अभ्यर्थी बेहोश होकर गिर गईं।

**मेट्रो एंकर**

## विधायक रामेश्वर शर्मा ने नए भवन का किया लोकापर्ण

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गांधी नगर स्थित सनशाईन कोचिंग और यशोदा पब्लिक स्कूल में टेलेंट सेरेमनी का आयोजन किया गया। परीक्षाओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, मध्यप्रदेश के राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग भोपाल के पूर्व सदस्य विभांशु जोशी, भाजपा नेता राजू मीणा सहित स्कूल के संचालक सूरज नामदेव उपस्थित थे। इस अवसर पर यशोदा पब्लिक स्कूल के नए भवन का लोकापर्ण भी किया गया।

इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि अगर मेहनत करें तो परिणाम सुखद होते हैं। यह मेहनत का ही परिणाम है जो आपको स्कूल के नए भवन की सौगात मिल रही है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आप गांधीनगर के होते हुए भी बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हो, कलेक्टर, आईजी, एसपी, डॉक्टर इंजीनियर बन सकते हो। आप सब आगे बड़े और नाम रोशन करें और मन में ठान लें कि अपने लक्ष्यों को हासिल करके ही दम लेंगे।

विभांशु जोशी ने स्माइल अभियान के बारे में अवगत कराया। उन्होंने मुस्कारते रहने के लिए बच्चों और अभिभावकों के साथ एक सेल्फी भी ली। उन्होंने कहा कि जब आप दूसरों को खुश रखेंगे तो आप भी खुश रहेंगे। इसलिए दूसरों को खुश रखिए। कार्यक्रम से पहले सुन्दरकाण्ड का पाठ रखा गया था। जिसमें साई म्यूजिकल ग्रुप की ओर से गायक विशाल परिहार ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।







नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# अब मिलेगी समय पर सहायता...

सड़क, औद्योगिक दुर्घटना और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में **नि:शुल्क वायु परिवहन सेवा**




# पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा

## संचालन प्रारंभ



"हमारी सरकार प्रदेश की जनता को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हुए स्वस्थ मध्यप्रदेश के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित है। अब प्रदेश में गंभीर रोगियों को पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा के जरिए उचित समय पर बेहतर इलाज मिल सकेगा"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : **9111777858**

सशुल्क एयर एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध, सम्पर्क करें : **0755-4092530**

- आयुष्मान कार्ड धारक को प्रदेश व देश में कहीं भी इलाज हेतु शासकीय और आयुष्मान सम्बद्ध अस्पताल में नि:शुल्क सुविधा
- आयुष्मान कार्ड धारक न होने पर प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में नि:शुल्क परिवहन सुविधा जबकि प्रदेश के बाहर निर्धारित शुल्क पर परिवहन सुविधा
- सड़कों या औद्योगिक स्थलों पर होने वाली दुर्घटना, हृदय रोगी या जहर से प्रभावित व्यक्ति को अब मिल सकेगा अच्छे चिकित्सा संस्थानों में समय पर इलाज
- अस्पताल द्वारा मरीज की स्थिति की गंभीरता की जांच के उपरांत मिल सकेगी एयर एम्बुलेंस की सुविधा

### एयर एम्बुलेंस सेवा की अनुमति

- दुर्घटना प्रकरण में संभाग के अंदर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर द्वारा
- दुर्घटना अथवा अन्य आपदा की स्थिति में संभाग के बाहर परिवहन हेतु स्वास्थ्य आयुक्त द्वारा
- दुर्घटना के अतिरिक्त अन्य गंभीर प्रकरणों में प्रदेश के अंदर संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता की अनुशंसा पर संभागीय आयुक्त द्वारा
- प्रदेश के बाहर गंभीर रोगी या दुर्घटना पीड़ित आयुष्मान कार्डधारी होने पर संचालक चिकित्सा शिक्षा द्वारा
- सशुल्क परिवहन हेतु एन.एच.एम. कार्यालय स्तर पर अनुमति मिलेगी

- रोगी/पीड़ित को एयर एम्बुलेंस तक पहुंचाने के लिए संजीवनी 108 एम्बुलेंस होगी उपलब्ध
- एयर एम्बुलेंस सेवा में हृदय रोग, श्वास और तंत्रिका संबंधी बीमारियों, नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य समस्याएं, उच्च जोखिम वाले गर्भधारण तथा आपदा की स्थिति को संभालने के लिये प्रशिक्षित चिकित्सक और पेरा मेडिकल स्टाफ रहेगा मौजूद
- हवाई परिवहन के दौरान रोगी/पीड़ित के लिए ₹ 50 लाख के दुर्घटना बीमा का प्रावधान

D-11013/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी | मध्यप्रदेश शासन | आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

संपादकीय

# नीट-यूजी मसले का गुबार

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा संचालित नीट यूजी रिजल्ट का बवाल कल सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद थोड़ा थम सकता है। कोर्ट ने फिर से उन छात्रों की परीक्षा लेने के लिये कहा है जिनके ग्रेस मार्क्स के चलते बवाल खड़ा हुआ है। अब 23 जून को इन करीब डेढ हजार छात्रों के लिये परीक्षा होगी। दरअसल नतीजा घोषित होते ही पेपरलीक और नंबर देने में गड़बड़ी से जुड़े वे आरोप फिर सामने आ गए थे, जो पहले भी सिर उठा चुके हैं। हालांकि एनटीए इन आरोपों और शिकायतों को गलत बताता रहा लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फैसले के पहले की सुनवाई में ठीक ही कहा कि इन शिकायतों को सिर्फ इसलिए खारिज नहीं किया जा सकता कि परीक्षा एनटीए द्वारा संचालित की गई है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि आरोप पहली नजर में गंभीर लग रहे हैं। मसलन- इस बार 67 कैंडिडेट ऐसे रहे, जिन्हें 720 में से 720 नंबर मिले हैं, जबकि पिछले पांच वर्षों में फुल मार्क्स पाने वाले टॉपरों की संख्या महज 3 रही है। याचिका दायर करने वालों के मुताबिक, अजब संयोग यह भी है कि ये 67 स्टूडेंट्स खास कोचिंग सेंटर से जुड़े हैं। ग्रेस मार्क्स देने के आधार, उसके तरीके पर तो सवाल उठाया ही गया है, इसमें पारदर्शिता की कमी को भी मुद्दा बनाया गया है। इन सब पर हालांकि एनटीए का अपना स्पष्टीकरण है, उसका ग्रेस मार्क्स को लेकर जवाब रहा है कि सिर्फ 1563 छात्रों को लॉस ऑफ टाइम के कारण ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं। एनटीए ने कहा जिन परीक्षा केंद्रों पर देर से कॉपी बंटी, गलत क्वेश्चन पेपर दिया गया था, उनको ग्रेस मार्क्स दिए गए । मगर सवाल हैं कि ग्रेस मार्क्स के बजाए अतिरिक्त समय भी दिया जा सकता था। क्योंकि देश में जितने बड़े पैमाने पर स्टूडेंट्स इन परीक्षाओं में शामिल होते हैं। उनकी आकांक्षाएं जुड़ी होती हैं, उसे देखते हुए गड़बड़ी के संदेह के लिए कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी जाना चाहिये। इन गड़बड़ियों से अलग,नीट यूजी को लेकर एक अन्य स्तर पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या नीट यूजी का कॉन्सेप्ट गरीब और ग्रामीण विरोधी है। खासतौर पर, तमिलनाडु सरकार यह आरोप लगाती रही है कि नीट क्ष्यूजी के कारण राज्य के तमिलभाषी स्टूडेंट्स को नुकसान हो रहा है। शुरू में इसे एक क्षेत्रीय दल की विशिष्ट राजनीति से जुड़ा मुद्दा माना गया था लेकिन इस बीच तमिलनाडु सरकार द्वारा गठित जस्टिस एके राजन कमिटी की रिपोर्ट आ गई है, जो इन आरोपों की पुष्टि करती दिख रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 में नीट-यूजी शुरू होने के बाद से तमिलनाडु में मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाने वाले तमिल मीडियम स्टूडेंट्स की संख्या में पहले के मुकाबले अच्छी-खासी गिरावट आई है, इंग्लिश मीडियम स्टूडेंट्स की संख्या इसी अनुपात में बढ़ गई है। यही ट्रेंड ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के स्टूडेंट्स में भी देखने को मिलता है। सवाल यह है कि क्या यही स्थिति अन्य राज्यों में भी बन रही है? अगर हां तो उसके पीछे क्या वजहें हैं इसे कैसे संतुलित किया जा सकता है? पेपरलीक और ग्रेस मार्क्स में कथित गड़बड़ियों की जांच तो हो ही, परीक्षा प्रणाली में जाने अनजाने रह गए पूर्वाग्रहों पर भी खुले दिल-दिमाग से विचार होना चाहिए। हालांकि ताजा फैसले से बवाल जरूर थम सकता है लेकिन परीक्षा में कथित तौर पर धांधली,लापरवाहियों का जो गुबार है, वह लंबे समय तक बना रहेगा।

'दौलत' से सिर्फ 'सुविधायें' मिलती है। 'सुख' नहीं !!

## आज का इतिहास

- 1373 इंग्लैंड और पुर्तगाल के बीच एंग्लो-पुर्तगाली गठबंधन हुआ जो दुनिया में सबसे पुराना गठबंधन है जो अभी भी लागू है। इस गठबंधन ने दोनों देशों की सेवा की है।
- 1525 मार्टिन लूथर ने कैटरीना वॉन बोरा से शादी की, पुजारियों के लिए रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा ब्रह्मचर्य अनुशासन को खारिज करते हुए।
- 1704 कोरोंको की लड़ाई-ऑस्ट्रियाई और डेनमार्क, प्रशिया, क्रोएशिया, जर्मनी ने उनके सहयोगी दलों और वोज्वोदिना कुरुक्स को हराया।
- 1707 फ़ेरेंस रकोक्ज़ी द्वितीय ने हंगरी को स्वतंत्र घोषित किया।
- 1721 इंग्लैंड ने मैड्रिड के साथ संघिपत्र पर हस्ताक्षर किया।
- 1727 स्पेन ने पेरिस से आर्थिक संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1753 ऑस्ट्रिया, ग्रेट ब्रिटेन और मोडेना ने गुप्त सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1886 बावरिया के राजा लुडविग द्वितीय को रहस्यमय परिस्थितियों में स्टारनबर्ग लेकमुनिच के पास मृत पाया गया।
- 1886 कनाडा के वैंकूवर शहर में आग लगने के कारण लगभग 1,000 इमारत जलकर खाक हुयी।
- 1888 अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया।
- 1920 संयुक्त राज्य अमेरिका के डाक विभाग के नियम के अनुसार बच्चों का पार्सल पोस्ट के माध्यम से नहीं भेजा जायेगा।
- 1932 ब्रिटेन और फ्रांस के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1935 चैंपियनशिप मुक्केबाजी में सबसे बड़े उतार-चढ़ाव में से एक में, जेम्स जे।

## निशाना

### छिछालेदर हो रही !



- कृष्णेन्द्र राय

गिरा इतना स्तर ।
क्या कुछ कहना बाकी ।।
टाय टाय फिस्स हुई ।
आपकी चालाकी ।।
कार्यशैली पल पल ।
देख रहा है देश ।।
स्वतः धीरे धीरे ।
पहुंच रहा संदेश ।।
थे बदलने आए ।
जो गड़बड़ था तंत्र ।।
उतरे बदसलूकी पर ।
कर विचरण स्वतंत्र ।।
रहा ना कुछ अब गुप्त ।
खुल गए सारे राज़ ।।
छीछालेदर हो रही ।
फिर भी पहने ताज ।।

# सरकार-समाज के साझे प्रयासों से ही समाधान

■ प्रेम प्रकाश

चढ़ते पारे के बीच पानी की समस्याओं को लेकर सरकार की नीति और दृष्टि को लेकर कुछ बातें स्पष्ट होनी चाहिए। निःसंदेह, नदी और जल संरक्षण की दिशा में होने वाले प्रयास ज्यादा प्रभावी होने चाहिए। यह अपेक्षा बीते एक दशक में देश में पानी से जुड़ी उपलब्धियों पर सवाल ही नहीं उठाती, बल्कि इससे उम्मीदें और मजबूत होती हैं। आज जो स्थिति है उसमें अब सरकारों के लिए पानी मसला नहीं, बल्कि मिशन होना चाहिए। वैसे भी पानी आज वैश्विक मुद्दा है। बीते कुछ दशकों में जल संरक्षण को लेकर विश्व मानचित्र पर कई मॉडल उभरे हैं। बदलाव के इस सफर के एक छोर पर सिंगापुर जैसा छोटा मुल्क है, तो दूसरे छोर पर भारत जैसी विशाल आबादी और भूगोल वाला देश।

बहरहाल, बात पहले सिंगापुर की। दुनियाभर में सैर-सपाटे के लिए सबसे पसंदीदा ठिकाने और बिजनेस डेस्टिनेशन के रूप में सिंगापुर का नाम पूरी दुनिया में है। तीन दशक पहले जब डिजिटलीकरण का जोर बड़ा तो दुनिया भर की कंपनियों ने अपने उत्पाद को यहीं से तमाम देशों में भेजना और प्रचारित करना सबसे बेहतर माना। लेकिन सिंगापुर की एक दूसरी पहचान भी है, जो ज्यादा प्रेरक है, ज्यादा मौजूद है। आने वाले चार दशकों के लिए आज सिंगापुर के पास पानी के प्रबंधन को लेकर ऐसा ब्लूप्रिंट है, जिसमें जल संरक्षण से जल शोधन तक पानी की किफायत और उसके बचाव को लेकर तमाम उपाय शामिल हैं। सिंगापुर की खास बात यह भी है कि उसका जल प्रबंधन शहरी क्षेत्रों के लिए खास तौर पर मुफीद है।

गौरतलब है कि सिंगापुर के सामने लंबे समय तक यह सवाल रहा कि एक शहर-राष्ट्र, जिसके पास न तो कोई प्राकृतिक जल इकाई है, न ही पर्याप्त भूजल भंडार है, उसके पास इतनी भूमि भी नहीं कि वह बरसात के पानी का भंडारण कर सके। ऐसे में गंदे पानी के शुद्धीकरण, समुद्री जल का खारापन कम करने और वर्षा जल के अधिकतम संग्रह के साथ सिंगापुर ने पानी से जुड़ी अपनी जरूरतों को पूरा करने का एक ऐसा मॉडल तैयार किया, जो एडवांस्ड टेक्नोलॉजी के साथ सामाजिक बदलाव की एक बड़ी मिसाल है।

सिंगापुर से भारत सीख तो सकता है, पर हमारे देश की आबादी और भूगोल ज्यादा मिश्रित और व्यापक है। लिहाजा पानी को लेकर भारतीय दरकार और सरोकार भी खासे भिन्न हैं। इसे भारतीय राजनीति में प्रकट हुए सकारात्मक बदलाव के साथ सरकारी स्तर पर आई नई योजनागत समझ भी कह सकते हैं कि अब स्वच्छता और घर-घर टोंटी से पानी की पहुंच जैसा मुद्दा साल के एक या दो दिन नारों-पोस्टरों से आगे सरकार की घोषित प्राथमिकता है।



**भारतीय राजनीति में प्रकट हुए सकारात्मक बदलाव के साथ सरकारी स्तर पर आई नई योजनागत समझ भी कह सकते हैं कि अब स्वच्छता और घर-घर टोंटी से पानी की पहुंच जैसा मुद्दा साल के 1 या 2 दिन नारों-पोस्टरों से आगे सरकार की घोषित प्राथमिकता है..**

यह तार्किक तथ्य है कि यदि हम गंगा को साफ करने में सक्षम हो गए तो यह देश की 40 फीसदी आबादी के लिए एक बड़ी मदद साबित होगी। हम इस दृष्टि से विचार करें कि भारत जैसी भौगोलिक और वैचारिक भिन्नता वाले देश में पानी को लेकर कोई आम सहमति विकसित करना आसान नहीं है। यह भी कि भारत में पानी राज्य का विषय है। लिहाजा, खासतौर पर नदियों को लेकर किसी यूनिफाइड प्रोजेक्ट पर सहमति के साथ आगे बढ़ना चुनौतीपूर्ण है।

देश में सरकारों की योजनागत समझ और प्रतिबद्धता में दिखी कमजोरी ही रही कि आस्था से लेकर अर्थव्यवस्था तक के लिए महत्वपूर्ण नदियों को केंद्र में रखकर दशकों तक कोई बड़ा निर्णायक कदम नहीं उठाया गया। पानी को लेकर काम कर रहे तमाम विभागों को साथ लाकर 2019 में जल शक्ति मंत्रालय के गठन के बाद जल क्षेत्र में हम काफी आगे बढ़े हैं। यह बढ़त गंगा सहित कई नदियों के कायाकल्प से जुड़े प्रयासों से लेकर अमृत सरोवर मिशन तक कई स्तरों पर सफलता के आंकड़ों के रूप में सामने है।

नमामि गंगे दस साल की यात्रा पूरा कर रही है। भारतीय वन्यजीव संस्थान की ओर से 2020 से 2023 तक किए गए सर्वे में गंगा और उसकी सहायक 13 नदियों में 3936 डॉल्फिन मिली हैं। यह देश में नदी जल की शुद्धता की बेहतर हुई स्थिति को दर्शाता है। यही नहीं, नमामि गंगे को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा चलाए गए एक ग्लोबल मूवमेंट के तहत टॉप 10 वर्ल्ड रेस्टोरेशन फ्लैगशिप में स्थान दिया गया है। आज देश में 14.85 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों तक नल से शुद्ध जल पहुंच रहा है। नोबेल विजेता प्रोफेसर माइकल क्रेमर के एक शोध के मुताबिक सभी ग्रामीण परिवारों तक कवरेज के साथ जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन से बाल मृत्यु दर में सालाना 1.36 करोड़ की कमी आएगी। साफ है कि पानी के साथ मनमानी के खतरे को समझते हुए देश आज जरूरी जवाबदेही और समझदारी के दौर में हैं। जल संरक्षण को लेकर समाज और सरकार का एक सीध में आगे बढ़ना न सिर्फ कारगर रहा है, बल्कि यह भविष्य के खतरों के लिहाज से भी जरूरी पहल है।

**-साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

# पांडियन का पराभव, जिसमें दृष्टिगत हैं परोक्ष वापसी की पूरी संभावनाएं

■ शिवशरण शुक्ला

मोहन चरण माझी ने ओडिशा में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है, लेकिन इन चुनावों में चर्चाओं में रहे आईएएस अफसर से नेता बने वीके पांडियन की अविश्वसनीय कहानी की मिसाल भारतीय राजनीति में पहले शायद ही कभी देखी गई होगी। राजनीति में इतना छोटा कॅरिअर भी शायद ही किसी और नेता का होगा। नौकरी से इस्तीफा देने के बाद 27 नवंबर, 2023 को उन्होंने औपचारिक रूप से राजनीति में प्रवेश किया और ओडिशा के तत्कालीन सत्तारूढ़ पार्टी बीजू जनता दल (बीजद) में शामिल हुए। लेकिन चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद नौ जून को उन्होंने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने का एलान कर डाला। उनका राजनीतिक जीवन सिर्फ 195 दिनों का रहा।

सन 2000 में आईएएस बनने के बाद वह सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। अपनी मेहनत और लीक से हटकर काम करने की असाधारण क्षमता के कारण उन्होंने खूब प्रशंसा बटोरी। पहले मयूरभंज, फिर गंजाम जिले के कलेक्टर के रूप में उनके द्वारा किए गए अच्छे कामों को लोग आज भी याद करते हैं। दोनों ही जिलों में कामों के लिए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत भी किया गया । ये सब थीं एक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में पांडियन की उपलब्धियां। लेकिन सत्ता की राजनीति में उनका प्रवेश तब हुआ, जब गंजाम के जिलाधीश के रूप में उनके काम से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने उन्हें सन 2011 में अपना निजी सचिव बनाया। अपनी काबिलियत के जरिये पांडियन ने नवीन का विश्वास जीता और धीरे-धीरे अपनी काया विस्तार करने लगे ।

2019 में लगातार पांचवीं बार चुनाव जीतने के बाद नवीन पटनायक ने सरकार को अधिक लोकाभिमुखी करने के लिए 5टी (टीमवर्क, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रांसफॉर्मेशन और टाइमलाइन) नामक एक नया विभाग खोला और पांडियन को इसका सचिव बना दिया। सरकार के सभी विभागों को इस नए विभाग के अंदर लाया गया। इसके बाद सरकार में पांडियन का दबदबा और भी बढ़ गया। पांडियन के नौकरी से इस्तीफा देने के बाद उन्हें इस विभाग का अध्यक्ष बना दिया गया, ताकि सरकार में उनकी पकड़ बनी रहे। और 2019 के चुनाव के बाद नवीन ने अपने निवास से बाहर निकलना लगभग बंद कर दिया और दल व सरकार दोनों का पूरा जिम्मा पांडियन को सौंप दिया। कोविड के बाद मुख्यमंत्री न सचिवालय गए, न विधानसभा। कैबिनेट की बैठक में भी वे वीडियो लिंक के जरिये अध्यक्षता करने लगे। अपने दल के नेता, मंत्री, विधायकों से मिलना उन्होंने लगभग बंद कर दिया। यहां तक कि राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के लिए भी सलाह-मशवरे के लिए मुख्यमंत्री से मिलना दूभर हो गया और वे पांडियन के आदेश पर काम करने लगे।

अब पांडियन की महत्वाकांक्षा बढ़ने लगी और वह राज्य सरकार के चॉपर का इस्तेमाल कर पूरे राज्य का दौरा करने लगे। बहाना था कि लोगों से उनकी शिकायतें लेकर तत्काल कार्रवाई करना। बाद में पता चला कि पांडियन राजनीति में प्रवेश करने के लिए अपनी जमीन तैयार कर रहे थे। वह जहां भी गए पूरा स्थानीय प्रशासन, स्थानीय नेता, विधायक और मंत्री उनकी सेवा करते हुए नजर आए। मंच पर पांडियन के अलावा कोई भी देखने को नहीं मिला। साफ था कि उनकी ताजपोशी की तैयारी चल रही थी। इस बात की जमकर चर्चा हुई कि वह नवीन के उत्तराधिकारी हैं। नवीन ने ऐसी चर्चाओं का खंडन करने की कोशिश भी नहीं की, जिससे ओडिशा के लोगों में यह धारणा और भी पुख्ता होती गई कि नवीन ने पांडियन को अपना उत्तराधिकारी बनाने का मन बना लिया है। इस धारणा को तब और बल मिला, जब पांडियन ने औपचारिक रूप से बीजद में योगदान किया। इस वर्ष मार्च में जब बीजद और भाजपा के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही थी, तब बीजद की ओर से पांडियन ही इसके सूत्रधर थे।



प्रेक्षकों का मानना था कि भाजपा से?गठबंधन कर वह अपना राजनीतिक भविष्य सुरक्षित करना चाहते थे, क्योंकि उन्हें पता था कि नवीन के डर से पार्टी के जो नेता चुप बैठे हैं, वे नवीन के बाद उनके खिलाफ बगावत पर उतर आएंगे, तब उन्हें भाजपा के समर्थन की जरूरत होगी। हालांकि बात बनी नहीं और भाजपा ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव का पूरा मोर्चा पांडियन ने संभाला। उम्मीदवारों के चयन से लेकर रणनीति तैयार करने और आर्थिक संसाधन के उपयोग से लेकर मीडिया कैंपेन तक लगभग सब कुछ उन्हीं की देखरेख में हुआ। करीब डेढ़ महीने के चुनाव प्रचार के दौरान मंच पर अकेले पांडियन ही प्रचार करते नजर आए। मुख्यमंत्री और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक बीच-बीच में उनके साथ प्रचार के लिए जाते रहे, लेकिन पार्टी के 40 'स्टार प्रचारकों' में से 38 पूरे चुनाव के दौरान नदारद रहे। और पार्टी को इसी बात का खामियाजा भुगतना पड़ा। भाजपा ने भी एक सोची-समझी रणनीति के तहत 'ओड़िया अस्मिता' को अपना मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी भाजपा नेता हर आमसभा में इसी बात को दोहराते रहे कि नवीन साढ़े चार करोड़ ओड़िया लोगों की अस्मिता को पैरों तले रौंदते हुए तमिलनाडु में जन्मे एक आदमी को ओडिशा के लोगों पर थोपने की कोशिश कर रहे हैं। और भाजपा की यह रणनीति काम कर गई।

राज्य में चौथे और अंतिम चरण के मतदान से ठीक पहले नवीन ने एक साक्षात्कार में स्पष्ट किया कि पांडियन उनके उत्तराधिकारी नहीं हैं, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। चुनाव में हार के बाद अब तक सहमे हुए पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अब पांडियन को हार का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ खुलकर नारेबाजी करने लगे हैं। चुनाव खत्म होने तक हर जगह दिखाई देने वाले पांडियन परिणाम आने के बाद से कहीं नजर नहीं आ रहे। इसके बावजूद नवीन ने पांडियन को चुनाव में हार के लिए जिम्मेदार ठहराने या उनकी निंदा करने से साफ इन्कार कर दिया है। इसके उलट उन्होंने पांडियन की जमकर प्रशंसा की है और उनके खिलाफ हो रही बयानबाजी को अनुचित बताया है। नवीन के इसी आचरण और उच्चारण के कारण राजनीति से संन्यास लेने की पांडियन की घोषणा के बाद भी बहुत कम लोग यह मानने के लिए तैयार हैं कि अब राजनीति में कभी उनकी वापसी नहीं होगी। ज्यादातर प्रेक्षक मानते हैं कि पार्टी में उनके खिलाफ फैले आक्रोश के मद्देनजर यह एक 'टैक्टिकल रिट्रीट' भर है और मामला ठंडा होने पर प्रत्यक्ष नहीं, तो परोक्ष रूप से उनकी वापसी की पूरी संभावना है।

**-साभार: यह लेखक के विचार हैं।**

## नपाअध्यक्ष और सीएमओ ने पंप पर जाकर की टैंकर से पानी वितरण की समीक्षा

# टैंकर में मोटर लगाई तो होगी जप्त, ऑपरेटर पानी बंटवाने साथ जाएंगे



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

शहर के आधा दर्जन वार्डों के कुछ हिस्सों में पानी की सप्लाई नगरपालिका टैंकर के माध्यम से कर रही है। इस कार्य में अभी 13 टैंकर लगे हुए हैं। टैंकर से पानी वितरण में रोजाना आ रही शिकायतों, हो रहे विवादों के कारण आज नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने पानी वितरण की समीक्षा सीएमओ रितु मेहरा के साथ की। वे सुबह 9 बजे पीपल मोहल्ला स्थित पंप पर पहुंचे जहां से टैंकरों में पानी भरा जाता है। यहां टैंकर चालकों, जलकार्य विभाग के बाबूओं से चर्चा के बाद निर्णय लिया कि जिन भी एरिया में टैंकर पानी बांटेंगे वहां वार्ड के पंप ऑपरेटर साथ जाकर पानी वितरण कराएंगे, पानी वितरण की जिम्मेदारी ऑपरेटर की है। उन्होंने निर्देश दिए कि टैंकर में मोटर लगाकर कोई भी नागरिक पानी नहीं भरेगा, ऐसा करने पर मोटर जप्त की जाएगी।

नगरपालिका अध्यक्ष श्री चौरे ने बताया कि सुबह सभी टैंकर चालकों से चर्चा की। अधिकांश की शिकायत थी कि जनता बहुत अभद्रता करती है, कई लोग टैंकर में मोटर लगा लेते हैं और जब तक उनका पूरा पानी भरा नहीं जाता टैंकर को हिलने भी नहीं देते, जिससे आगे की जनता नाराज हो जाती है। एक ऑपरेटर ने कहा कि अभी सुबह से रात 11 बजे तक पानी वितरण कर रहे हैं, यहां पंप हाउस पर टैंकरों की संख्या ज्यादा होने से भरने में देरी होती है, वार्ड में इस कारण लेट पहुंचते हैं तो स्थानीय पार्षद और जनता नाराज हो जाती है। इस पर नपाध्यक्ष चौरे ने जलकार्य विभाग के अधिकारी संजय दुबे, राजा मालवीय को निर्देश दिए कि अब से सभी वार्डों के पंप ऑपरेटर टैंकर चालकों के साथ वार्ड में पानी वितरण कराएंगे और यदि कोई टैंकर में मोटर लगाता है तो मोटर जप्त की जाए। सीएमओ रितु मेहरा ने कहा कि निर्देश जारी होने के बाद भी यदि कोई ऑपरेटर टैंकर चालकों के साथ नहीं जाता है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी, सेवा भी समाप्त की जा सकती है।

### किसान के टयूबवेल से भरवाएंगे टैंकर

पीपल मोहल्ला पंप पर टैंकरों की संख्या ज्यादा होने पर अब विकल्प के तौर पर पुरानी इटारसी के किसान मुन्ना पटेल के टयूबवेल से नगरपालिका निःशुल्क पानी लेगी। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने उनके बात कर सहमति ली है। यहां से पुरानी इटारसी में वितरित होने वाले टैंकर पानी भरेंगे। जिससे टैंकर चालक समय से नागरिकों के बीच पहुंच सकेंगे। यहां दो ऑपरेटर नियुक्त किए गए हैं।

# समस्याओं का शीघ्र निराकरण करें, अन्यथा करेंगे आंदोलन: भारतीय किसान संघ



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय किसान संघ नें किसान संबंधी समस्याओं का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार सुनीता सहानी को सौंपा, एवं शीघ्र निराकरण की मांग की है । जिला प्रवक्ता रजत दुबे नें बताया कि तहसील क्षेत्र में किसानों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया है तथा शीघ्र निराकरण हेतु मांग की है इनमे प्रमुख मांगे किसानों को पर्याप्त 10 घंटे बिजली सप्लाई दी जाए, जहां आवश्यक हो स्टाफ बढ़ाया जाए। खाद बीज की अग्रिम व्यवस्था की जावे ।प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित गुर्रा से सिलारी एवं चिल्लई से रूपापुर पहुंच मार्ग की हालत खराब है, शीघ्रता से सुधार कार्य हो ।गुर्रा सबस्टेशन में कार्यरत लाइनमेन संजय तंतुवाय नें भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता की मोटर जब्त की है,जबकि उक्त कार्यकर्ता का बिजली बिल पूर्ण रूप से जमा है, तत्काल लाइनमेन को हटाया जावे । तहसील क्षेत्र के प्रत्येक गोहो के मार्गो का बारिश के पूर्व दुरूस्तीकरण किया जावे । इस दौरान तहसील अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी, श्रीराम दुबे, मंत्री सुभाष साध, प्रवक्ता नरेन्द्र गौर, मोरसिंह राजपूत, रामस्वरूप चौरे, जगदीश कुशवाहा, कमल गालर, जीवन सिंह, कन्हैयालाल, आदि उपस्थित रहे ।

## किसान संगठन और जिला अधिकारियों के साथ हुई मीटिंग

# नवनिर्वाचित सांसद ने कहा- किसानों की समस्याओं को मिल बैठकर हल करेंगे





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

नव निर्वाचित सांसद अपने संसदीय क्षेत्र में जनता का आभार व्यक्त करने प्रथम आगमन पर उनका जमकर स्वागत किया गया।सांसद दर्शन सिंह चौधरी होशंगाबाद से लेकर सिवनी मालवा तक जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर पुष्प माला पहनकर स्वागत किया गया। सांसद बनने के बाद किसने की समस्याओं को लेकर उन्होंने किसान संगठन के पदाधिकारी से कहा कि वह नई उर्वरक एनपीके को बढ़ावा देने के लिए, एनपीके की उपयोगिता की समझे और किसानों तक पहुंचाएं। किसानों को एनपीके की जानकारी दे। श्री चौधरी ने कहा कि इस वर्ष डीएपी मिलने में दिक्कत होगी तो सभी किसान डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके का उपयोग अपने खेतों में करें और किसान संगठनों को खुद आगे आकर किसानों को छोटे तालाबों का महत्व समझा कर छोटे-छोटे तालाब बनाएं, छोटे तालाब जल स्रोत के बहुत बड़े वाहक होते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण को भी बढ़ावा दिया जाए। जगह-जगह तालाब के किनारे, मेढ़ में एवं अन्य जगहों पर अनिवार्य रूप से पौधारोपण किया जाए। सांसद ने कहा कि सभी किसान अपनी क्षमता अनुसार 2 से ढाई एकड़ के खेत में जैविक खेती करें। खेतों में कीटनाशकों का प्रयोग बिल्कुल ना करें। साथ ही नरवाई भी ना जलाएं। प्राकृतिक खेती समय की आवश्यकता है इसलिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें। सभी किसान संकल्प लें कि वे जैविक खेती करके पौधारोपण को बढ़ावा देंगे। उन्होंने कहा कि हमारा जिला मूंग के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। यह प्रसिद्धी बरकरार रहनी चाहिए। सभी के सहयोग से खेती किसानी में जो भी छोटी-मोटी समस्याएं आती हैं उसका हम मिल बैठकर निराकरण करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब एक परिवार की तरह हैं और हमारा जिला आदर्श खेती के लिए भी प्रसिद्ध है साथ ही किसान कीटनाशक का ज्यादा प्रयोग ना करें। इस दौरान जिले में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में डीएपी की जगह एनपीके को बढ़ावा देने के लिए किसान संगठनों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि किसान डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके का उपयोग करें, उन्होंने सभी किसान संगठनों से कहा कि वह इस उर्वरक की जानकारी सभी किसानों को दे। इस बात की जानकारी सभी किसानों तक पहुंचाएं।

कलेक्टर ने कहा कि जब भी हम कुछ नया प्रयोग करते हैं तो कुछ परेशानी होती है लेकिन एनपीके पूरी तरह परखा हुआ उर्वरक है। कलेक्टर ने कहा कि किसान मानसिक रूप से तैयार रहे उन्हें एनपीके से कोई भी परेशान नहीं होगी। कलेक्टर ने कहां की सहकारी बैंकों की व्यवस्था की चिंता प्राथमिकता से की जा रही है। सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। वर्तमान में 45प्रतिशत अक्रियाशील बैंक खाते हैं। सहकारी बैंक की देनदारी बढ़ रही है। कलेक्टर ने किसानों की मांग पर ट्राईब्रो ड्रमा उपलब्ध कराने के लिए कृषि अधिकारियों को जबलपुर कृषि विश्वविद्यालय से बात करने के निर्देश दिए। इसके पूर्व उपसंचालक कृषि जेआर हेडाउ ने बताया कि एनपीके में नाइट्रोजन फास्फोरस दोनों है, एनपीके का उपयोग सभी किसान करें।

किसान संगठनों ने सांसद एवं कलेक्टर को आश्वासन दिया कि वह एनपीके उर्वरक की उपयोगिता की जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगे। बैठक में किसान संगठनों ने उपयोगी सुझाव दिए। बताया कि एनपीके का ज्यादा ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। अभी किसानों की मानसिकता डीएपी खाद की है, मानसिकता बदलने में थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने बताया कि मूंग में फफूंद नाशक दवा डाली जा रही है, इससे जमीन जहरीली होती जा रही है। कुछ किसान संगठनों ने सुझाव दिया कि किसानों को कृषि यंत्र पर्याप्त मात्रा में दिए जाएं। कस्टम हायरिंग सेंटर अनुपयोगी है। उन्होंने ऋण माफी योजना में विसंगति एवं मृत किसानों को वसूली का नोटिस देने से संबंधित समस्याएं सामने रखी। लेक्टर ने किसानों से अपेक्षा की, कि आगामी दिनों में भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है।

# शांति समिति की बैठक में ईद पर्व की चर्चा, ईद पर नमाज के समय की जानकारी दी

**इटारसी।** हम वर्षों से साथ रहते हुए एकदूसरे के पर्व साथ मनाते और खुशियां मनाते हुए आए हैं, इस शहर में कभी तनाव की स्थिति नहीं बनी है और उम्मीद करते हैं कि हमारा सद्भाव और भाईचारा आगे भी ऐसा ही बना रहेगा। यह बात विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने गुरुवार शाम यहां विश्राम गृह में आयोजित शांति समिति की बैठक में संबोधित करते हुए कही। ईद और आगामी त्योहारों के लिए प्रशासन ने शांति समिति की बैठक का आयोजन किया था।

बैठक में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज , एसडीएम टी प्रतीक राव, तहसीलदार सुनीता साहनी, टीआई गौरव सिंह बुंदेला, नर्मदापुरम पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, अंजुमन के अध्यक्ष निसार अहमद सिद्दीकी, जामा मस्जिद के अध्यक्ष निसार अहमद सिद्दीकी, जामा मस्जिद पांचवी लाइन से जमील खान, मो. अतहर खान, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मयूर जैसवाल, भाजपा नेता दीपक हरिनारायण अग्रवाल, युवा नेता गोल्डी बैस, पार्षद एवं सभापति राकेश जाधव, सहित मुस्लिम समाज के अनेक सदस्य, विश्व हिन्दू परिषद के सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि ईद पर नगर पालिका से जो भी मदद की अपेक्षा होगी की जाएगी। उन्होंने मस्जिदों के पास पानी के टेंकर रखने, सफाई कराने, विद्युत विभाग के अधिकारियों ने नमाज के वक्त बिजली की आपूर्ति सुचारू रखने, टीआई ने ईद के एक दिन पूर्व से मस्जिदों के आसपास पुलिस व्यवस्था करने के लिए किया। अंजुमन कमेटी के सदर निसार सिद्दीकी ने कुर्बानी सहित नमाज के वक्त की जानकारी समिति के सदस्यों को दी। संचालन प्रमोद पगारे ने तथा आभार प्रदर्शन टीआई गौरव सिं बुंदेला ने किया।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के विरोध में दिया ज्ञापन

**इटारसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई इटारसी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के नाम से तहसीलदार को प्राइवेट विद्यालयों द्वारा मनमानी तरीके से फीस वसूली, खराब वाहनों से आवागमन, एन सी आर टी ई की पुस्तकों का उपयोग न करना, प्रति दो वर्षो में यूनिफॉर्म बदल देना जिसमे एक ही निजी दुकान से मनमाने ढंग से पुस्तक, यूनिफॉम क्रय का दबाव बनाना, शासन द्वारा मापदंड के अनुरूप विद्यालयों में व्याप्त अनियमितता को लेकर ज्ञापन दिया गया।जिसमे प्रमुख रूप से प्रांत कार्यकारिणी सदस्य एवम नगर मंत्री कुणाल सराठे ,भाग संयोजक कुलदीप डागर, साक्षी कोरी , अतीश परमार ,आर्यन तिवारी,प्रथम डागर ,कुमुद बादगे , छवि सरियम ,दीपा झराने , शिवानी कटारे व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसानों के लिए बने ट्रेनिंग सेंटर में कृषि विकास अधिकारी ने डाला डेरा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

सरकारी सेवा में रत कई अधिकारी कर्मचारी अपने पैतृक स्थान से अप डाउन कर रहे हैं और सरकार से वेतन के साथ आवास का किराया ले रहे हैं. कई तो ऐसे सरकारी कर्मी है जो सरकारी किसी भवन में रह रहे हैं और सरकार से आवास का किराया ले रहे हैं. कई तो ऐसे भी अधिकारी हैं जो अनाधिकृत रूप से किसी सरकारी काम में आने वाले सार्वजनिक भवन में ही डेरा डाले हुए हैं सरकारी भवन में रहने के बावजूद भी सरकार से वेतन के साथ आवास किराया ले रहे हैं।

एक ऐसा ही मामला हरदा जिले के टिमरनी विकासखंड में देखने को मिला है. जहां विकासखंड कृषि अधिकारी एक सरकारी सार्वजनिक भवन में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं. सरकार ने यह भवन किसानों के प्रशिक्षण के लिए बनवाया था. टिमरनी विकासखंड के कृषि विकास अधिकारी पिछले दो वर्ष से इस भवन में रह रहे हैं.। बताया जाता है कि इतने समय से वह सरकार से आवास का किराया भी वेतन के साथ ले रहे हैं। नियम अनुसार किसी भी शासकीय कर के लिए उपयोगी भवन को किसी सरकारी कर्मचारियों के रहने के लिए अधिकृत नहीं किया जा सकता. फिर कृषि विकास अधिकारी किस नियम के तहत तथा किस अधिकारी के द्वारा दिए गए आदेश के तहत इस सार्वजनिक सरकारी भवन में डेरा डाले हुए हैं यह विचारणीय है।

### निष्पक्षता से जांच हुई तो अधिकारी के विरुद्ध दर्ज हो सकता है मामला

शासकीय की सेवा में रहते हुए सरकार के साथ धोखा धड़ी करना भी अपराध है. एक अधिकारी द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को गुमराह करते हुए किसी मुफ्त के सरकारी आवास में रह रहा है और शासन से आवास का किराया भी ले रहा है यह सेवा नियम के अंतर्गत उचित नहीं है यह सरासर धोखाधड़ी का मामला है। यदि टिमरनी विकासखंड के इस प्रकरण की निष्पक्षता से जांच हो जाए तो निश्चित ही अधिकारी पर धोखाधड़ी तथा सेवा नियम का उल्लंघन करने को लेकर मामला दर्ज हो सकता है।

**मेट्रो एंकर**

## फिर अवैध वसूली का धंधा शुरू

# ट्रेनों में अवैध वसूली, गरीब यात्री परेशान किन्नर बन अवैध बसूली कर रही महिलाएं



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

ट्रेन में गरीब यात्रियों को दोहरी मार झेलना पड़ रहा है, हम ऐसा इसलिए कह रहे है,क्योंकि ट्रेनों में गरीब यात्रियों से अवैध वसूली की जा रही है। देखने में आता है किकुछ दिनों पहले सोशल मीडिया में खबर चलने के बाद रेलवे की सुरक्षा में लगी एजेंसी आरपीएफ ने अवैध वसूली करने वाली इन महिलाओं पर कार्रवाई की थी,लेकिन इन महिलाओं के हौसले इतने बुलंद है कि इन्होंने फिर अवैध वसूली का धंधा शुरू कर दिया है। पहले ट्रेनों में किन्नर यात्रियों से अवैध वसूली करते थे, जिसके कारण कई गरीब यात्री परेशान भी होते थे। किन्नरो के दो गुटों में वर्चस्व की लड़ाई में विवाद भी हुआ था जिसमें एक किन्नर को मौत के घाट भी उतार दिया गया था। जिसके बाद आर पी एफ और जीआरपी व रेल प्रशासन ने सख्त एक्शन लेते हुए इन अवैध वसूली करने वाले किन्नरो बंद कर दिया था। लेकिन अब ये कुछ महिलाये किन्नर बनकर ट्रेनों में यात्रियों से अवैध बसूली कर रही है। जिससे गरीब यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है। ज़ब इसलिए सम्बन्ध में इटारसी आरपीएफ थाना प्रभारी अनुराधा मिश्रा से चर्चा की गई उन्होंने बताया की इन महिलाओ पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, आगे भी जारी रहेगी।

### गरीबो पर दोहरी मार

ट्रेनों में कोच में जनरल यात्रा करने वाले अधिकतर यात्री मजदूर वर्ग से होते हैं, वह अपने घर परिवार को लेकर मजदूरी करने के लिए लंबी यात्रा करते हैं। इस बीच में ट्रेन का टिकट तो लेते ही है,लेकिन ट्रेनों में अवैध वसूली करने वालो को भी इन यात्रियों को झेलना पड़ता है। जिससे गरीब यात्रियों पर पैसों की दोहरी मार पड़ती है। इसके साथ ही अगर कोई यात्री इन महिलाओं को पैसे देने से मन करता है तो यह उसे बुरा भला भी कहती है।

### इन ट्रेनों में होती है बसूली

इन महिलाओ द्वारा भोपाल से इटारसी के बीच चलने वाली सोमनाथ एक्सप्रेस, जयपुर हैदराबाद एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस के साथ ही इटारसी से हरदा, खंडवा के बीच ताप्ती गंगा एक्सप्रेस,गोवा एक्सप्रेस, पेसेंजर व जबलपुर रेल मार्ग की कुछ ट्रेनों में अभी भी यात्रियों से अवैध बसूली का काम चालू है।



एसडीएम के निर्देश के बाद सड़क के दोनों तरफ नाली बनने का कार्य

# नपा को नहीं है शहर के विकास की चिंता, अधूरे पड़े हैं काम



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

विधानसभा चुनाव से पहले कायाकल्प योजना के अंतर्गत बासौदा नाके से लेकर छतरी चौराहा तक की सड़क का निर्माण कार्य कई महीनो पहले पूर्ण हो जाना चाहिए था पर यहां कम समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण नहीं हो पाया एसडीएम ने बड़ी मुश्किल से सड़क का निर्माण करवाया नगर पालिका के अधिकारियों ने तो कोई ध्यान ही नहीं दिया दूसरी ओर सड़क बनने के साथ दोनों तरफ नाली निर्माण में भी लगातार लापरवाही हमने आ रही थी इसका काम भी बरसात से पहले होने था पर पानी गिरने का समय नजदीक होने के बाद भी नगर पालिका के अधिकारियों के द्वारा इस कार्य को करवाने के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई जा रही थी जिसकी शिकायत और जानकारी लगने पर एसडीएम ने सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण का कार्य भी खड़े होकर प्रारंभ करवाया पहले लेआउट दिलवाया के लिए मौके पर नगर पालिका की इंजीनियर तथा ठेकेदार को बुलवाया फिर कहा कि तत्काल सड़क के दोनों तरफ नाली का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए इसमें किसी भी तरह की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगा उनके द्वारा मिले सख्त निर्देशों के बाद ठेकेदार ने भी सड़क के दोनों तरफ नाली बनाने का कार्य धरातल पर प्रारंभ कर दिया गया है।

इसी तेज गति से कार्य किया गया तो जल्दी ही नाली बनने का कार्य पूर्ण हो जाएगा अभी जेसीबी से नाली खोदने का काम किया जा रहा है। बारिश से पूर्व काम हो जाता है तो दुकानदारों तथा आसपास के रहवासियों को भी बरसात के पानी के कारण परेशानी नहीं होगी अभी सड़क ठेकेदार ने जो सड़क बनाई है उसके हिसाब से सीधा पानी रहवासियों तथा दुकानदारों की दुकानों में भरेगा यदि ऐसा होता तो इन लोगों को आर्थिक नुकसान भी करना पड़ेगा। एसडीएम के द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद ही नगर में कुछ काम हो रहा है।

मुख्य नपा अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान - विधायक के द्वारा जितने भी निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया है। वह काम धरातल पर हो जाए तो शहर में विकास नजर आने लगेगा पर नगर पालिका के द्वारा उन कामों को करवाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी समीक्षा भी नहीं कर रहे इस वजह से कई काम स्वीकृति के बाद भी अधूरे पड़े हुए हैं या फिर काहे की इनकी लापरवाही के कारण ही विधायक के द्वारा मंजूर क कराए गए काम भी नहीं हो पा रहे हैं। इनकी अनदेखी के कारण आम जनता को भी परेशानी हो रही है। वैसे तो नगर के विकास की जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की होती है पर इनके द्वारा तो शहर के विकास की कोई चिंता नहीं है इसी का परिणाम है की बड़ी संख्या में निर्माण कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। उन कामों को समय सीमा में पूर्ण करवाने का कार्य भी धरातल पर नहीं किया जा रहा है। जिन कामों का विधायक ने भूमि पूजन कर दिया है वहां काम तो कई महीनो से प्रारंभ भी नहीं हुए कुछ कार्यों के तो टेंडर भी निरस्त होने की स्थिति में हो गए हैं 6 महीने से ठेकेदार काम नहीं कर रहे हैं। इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी अनजान बने हुए हैं या फिर जानबूझकर काम नहीं करवा रहे हैं।

### इनका कहना है

*हाई स्कूल वाली सड़क एवं कायाकल्प वाली सड़क की दोनों तरफ नाली बनने का कार्य तो प्रारंभ करवा दिया है जो भी काम अधूरे पड़े हुए हैं उनको जल्दी ही पूर्ण करवाएंगे।*

**हर्षल चौधरी** एसडीएम

# आतंकवादियों पर हो कड़ी कार्रवाई विहिप ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

बुधवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नया बस स्टैंड स्थित परिसर में जिहादी आतंकवाद का पुतला फूंका। तथा महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम हर्षल चौधरी को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोड़ी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों ने कायराना हमला किया। जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए, संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश की नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए आग्रह करता है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो ऐसा केन्द्र सरकार एवं सुरक्षा बलों को निर्देशित करें।

क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में चल रहा है ग्रेवल सड़कों का कार्य

# बिना परमिशन के खुलेआम अवैध उत्खनन, प्रशासन की मूक सहमति!

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर सहित ग्रामीण अंचलों में भू-माफियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के संरक्षण में यह सब हो रहा है। प्रतिदिन खनन से लदी सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर सड़कों पर दौड़ते नजर आ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार इन लोगों पर कोई कार्रवाई करते नहीं दिखाई दे रहे।

मंगलवार को भाजपा के पथरिया मंडल महामंत्री एवं पूर्व सरपंच राजेश प्रभाकर ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन से बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी क्षेत्र के उनारसी पंचायत में अवैध उत्खनन का कारोबार नहीं रुख रहा है आएदिन खुलेआम अवैध उत्खनन हो रहा है। सरकारी भूमि को माफिया रात दिन जेसीबी से खोद कर ग्रामीण अंचलों सहित शहर में मुरम कोपरा बेच रहे हैं। रोजाना लाखों रुपए की चपत शासन को लगा रहे बावजूद इसके कोई अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है उनका आरोप है कि इस मामले को लेकर कई बार स्थानीय प्रशासन को शिकायत कर चुके हैं तत्कालीन खुदाई के दौरान भी अधिकारियों को फोन लगाया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की पिछले एक हफ्ते से लगातार सरकारी भूमि पर खुले आम उत्खनन हो रहा है लेकिन जिम्मेदार हाथ पैर हाथ रखे बैठे हुए हैं। अब इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब भाजपा के मंडल महामंत्री ही इतने परेशान हैं और उनकी ही कोई सुनवाई नहीं है तो आम आदमी की क्या सुनवाई हो रही होगी। उनका आरोप है कि प्रशासन के संरक्षण में ही खनन माफिया इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं।

एक दर्जन से ज्यादा गावों में ग्रेवल सड़क डालने के लिए बिना परमिशन के मुरम, कोपरा निकाला जा रहा है - प्रशासन की नाक के नीचे राजनीतिक संरक्षण में खुलेआम पंचायत में ग्रेवल सड़क डालने के लिए अवैध उत्खनन किया जा रहा है जिसके लिए किसी सरपंच के पास कोई परमिशन नहीं है लेकिन इन्हें रोकने वाला भी कोई नहीं है वर्तमान में क्षेत्र के गुलाबगंज, बरेज, घटवार, सुल्तानपुर, खुजा, सियलपुर, रिनिया, सालपुर आदि पंचायत में ग्रेवल सड़क के निर्माण कार्य चल रहे हैं जिसके लिए आसपास की शासकीय भूमियों से उत्खनन कर सड़क पर डाला जा रहा है। हमारी टीम ने जब इसकी पड़ताल की तो सामने आया कि किसी के भी पास इस खुदाई की परमिशन तक नहीं है। लेकिन फिर भी खुलेआम मुरम कोपरा का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। ऐसी ही स्थिति क्षेत्र की उनारसीताल पंचायत की है जहां कई महीनों से अवैध उत्खनन हो रहा है। जिससे शासन को लाखों रुपए राजस्व की हानि हो रही है लेकिन फिर भी प्रशासन में बैठे जिम्मेदार हाथ पैर हाथ रखे बैठे हए हैं।



**शिकायत के बाद भी नहीं कर रहे कार्वाई**

### शिकायतकर्ताओं को धमकाते हैं भू माफिया

माफिया अवैध खनन कर सरकार को लाखों के राजस्व की चपत लगाकर अपनी जेब भर रहे हैं। क्षेत्रवासियों में इन भू माफियों की दहशत फैली हुई है। क्योंकि क्षेत्र के ग्रामीण जब भी इनकी शिकायत करने तहसील कार्यालय पहुंचते हैं, तो वाद विवाद की स्थिति बन जाती है और कई बार ऐसा भी सामने आया है जब इन माफियों द्वारा शिकायत कर्ताओं के साथ मारपीट की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इसके बावजूद भी पुलिस और प्रशासन खनन माफिया के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई करते नहीं दिखें हैं। चौंकाने वाली बात तो यह है कि लोगों ने जिला कलेक्टर को भी पूर्व में अवगत करा दिया गया था। इसके बाद भी अवैध उत्खनन पर अंकुश नहीं लग सका है आखिर प्रशासन की ऐसी भी क्या मजबूरी है कि सब कुछ पता होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने में असमर्थ है।

### माफियाओं को मिल रहा राजनीतिक संरक्षण

इसमे कुछ राजनीतिक दल के नेता भी अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कई ऐसे खनन माफिया है, जिनका बिना लीज के खनन का काला कारोबार जोरों से चल रहा है। राजनीति में खनन माफियाओं ने गहराई से जड़े जमा ली है। क्षेत्र में कई सक्रिय नेता प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इसी धंधे से जुड़े हैं। यहीं कारण है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ किसी भी राजनीतिक दलों से कभी आवाज उठने की बात तो दूर सभी रोजगार की दुहाई देकर सभी इसके समर्थन में खड़े रहते हैं।

### चलाया जाए भू माफियाओं के खिलाफ अभियान

इन दिनों क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन के नाम पर अंधेर नगरी चौपट राजा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। क्षेत्र में कहीं पर भी माफिया खुलेआम अवैध खनन व परिवहन कर रहे हैं, जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। जानकारों की मानें तो अधिकांश मामलों में खनिज विभाग की मूक सहमति व प्रशासन की अनदेखी है। खनन माफिया खुलेआम खनिज संपदा का दोहन कर रहे हैं और जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे। वही कभी कबार प्रशासनिक अधिकारी छोटी मोटी कार्रवाई कर खूब वाहवाई लूटने का काम करते हैं। ग्रामीण कमलेश सिंह ने बताया कि इस मामले में ग्रामीणों ने कई बार खनिज और प्रशासन के अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई बड़ी कार्रवाई देखने को नहीं मिली। कार्रवाई न होने से माफियाओं के हौंसले बुलंद है और जमकर मनमानी जारी है।

### भू-माफियाओं के सामने प्रशासन दिख रहा बेबस

भू-माफियाओं द्वारा शहर के चारों तरफ दूरदराज गांवों में नदियों के किनारे से अवैध रेत का उत्खनन किया जाता है। तो वहीं भू माफियाओं द्वारा प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर दिनरात कोपरा, मुरम भरकर इधर-उधर अवैध तरीके से डाला जाता है। इसकी शिकायत आसपास के गांवों के लोगों ने राजस्व प्रशासन से कई बार की है। पिछले कई दिनों से रात्रि के समय में नगर के बाईपास स्थित देवपुर की घाटी के नाम से प्रसिद्ध प्राचीन पहाड़ी पर प्रतिदिन भू माफिया अवैध खनन कर खुलेआम परिवहन कर रहे हैं। रोज रात्रि के समय में जेसीबी मशीन द्वारा कोपरा निकाला जाता है और अवैध कॉलोनियों मे डाला जा रहा है। जिसकी वजह से नगर की प्राचीन पहाड़ी बड़े बड़े गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है लेकिन खनिज अधिकारी व राजस्व प्रशासन आंख मूंद सो रहे हैं।

### इनका कहना है

*यदि ऐसा है तो मैं अभी उक्त जगह के स्थानीय अधिकारी को भेज कर दिखवाता हूं, खनिज विभाग के अधिकारियों से भी जांच कराई जाएगी। जहां-जहां बिना परमिशन के अवैध उत्खनन हो रहा है कार्रवाई की जाएगी।*

**बुद्धेश्वर कुमार वैद्य,** कलेक्टर विदिशा

# सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा, नागरिक परेशान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

नगर की जनता और सड़क पर चलने वाले राहगीर लंबे समय से आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से परेशान हैं। यहां लगभग हर सड़क पर आवारा मवेशियों का आतंक है। मुख्य मार्ग से लेकर बस स्टैंड,सब्जी मंडी,लिंक रोड,मण्डी रोड इन सभी जगह आवारा मवेशियों का जमावड़ा सर्वाधिक देखने को मिलता है। सड़कों पर घूम रहे आवारा पशुओं से आए दिन दुर्घटना होने से लोग परेशान हैं। ये मवेशी आए दिन आपस में भिड़ जाते हैं जिससे सड़क से निकलने वाले वाहन चालक भी घायल हो रहे हैं लेकिन स्थानीय प्रशासन का इस ओर बिलकुल भी ध्यान नहीं है।गोशाला होने के बाद भी सडको पर टहलते मवेशी - नगर में भले ही लाखों रुपए की लागत से गौशाला का



निर्माण किया हो लेकिन अब भी सड़क पर यहां वहां आवारा मवेशी टहलते हुए आसानी से देखा जा सकता है यह मवेशी आवाजाही करने वाले लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन रहे हैं तो वहीं हादसों को भी बढ़ावा देने में अलग भूमिका निभा रहे हैं। वही आने वाले बारिश के मौसम में यह समस्या और भी बढ जाती है। वर्तमान में तहसील रोड, लिंक रोड, छत्री नाका चौराहा, सहित अन्य जगहों पर सड़क किनारे मवेशियों की आसानी से देखा जा सकता है कई बार मवेशियों के बीच सड़क पर वाहन आने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है यही नहीं जरा सी नजर हटी तो हादसे में भी देर नहीं लगती है।

**वाहन चालक होते हैं परेशान**। मवेशियों का सबसे ज्यादा जमावड़ा सड़कों पर होता है। यहां पर लगभग पूरी सड़क पर मवेशी दिन भर खड़े रहते हैं तो कई मवेशी बीच सड़क पर ही बैठे रहते है। वाहन चालक हार्न भी बजाता है तब भी वे टस से मस नहीं होते। वाहन चालकों को नीचे उतरकर उन्हें सड़क किनारे करना पड़ता है, तभी वह आगे बढ़ते हैं। दिन हो या फिर रात यह मवेशी राहगीरों के लिए सबसे ज्यादा मुसीबत बने हुए हैं।

# क्षेत्रीय विधायक शर्मा ने ली समीक्षा बैठक

**सिरोंज ।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे जल संरक्षण एवं सुरक्षित कल हेतु गंगा संवर्धन अभियान को लेकर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने बुधवार को लटेरी रोड स्थित पोलीटेक्निक कॉलेज में सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। इस अवसर पर उन्होनें उक्त अभियान को लेकर सभी विभागों से वन टू वन चर्चा करके अभियान की जानकारी ली इस अवसर पर उन्होनें नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण हेतु किये जा रहे प्रयासों वास्तविक जानकारी भी उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों से प्राप्त की, उन्होंने कहा कि वारिश से पूर्व क्षेत्र के सभी जल स्त्रोतों की आवश्यक साफ-सफाई एवं उनके जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण कर लिया जावे । उन्होंने नदियों एवं तालाबों के अलावा प्राचीन जल स्त्रोत कुएं बाबडियो को भी साफ-स्वच्छ एवं संवारने के कार्य करने की बात भी बैठक



में रखी। बैठक में क्षेत्र के शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी, लटेरी एसडीएम, एसडीओपी सिरोंज उमेश तिवारी, लटेरी एसडीओपी, राजस्व विभाग, पी.एच.ई. विभाग, नगरपालिका, विधुत विभाग, शिक्षा के साथ समस्त प्रमुख विभागो के प्रशासनिक अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

थाना परिसर में शांति सीमिति की बैठक, कलेक्टर ने संबंधित विभागों को सौंपे दायित्व

# देश में ईदुज्जुहा पर्व 17 जून को मनाया जाएगा





सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

ईदउल अजहा एवं एकादशी के त्यौहार को लेकर थाना परिसर में एसडीएम हर्षल चौधरी की अध्यक्षता में शांति सीमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी समाजों के लोग उपस्थित हुए और अपनी अपनी बात रखी । पुलिस एसडीओपी उमेश तिवारी नें बैठक के दिशा निर्देशों से अवगत कराया और जानकारी ली । बैठक में उपस्थित मुस्लिम त्यौहार कमेटी के अध्यक्ष डॉ वसीम खान ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर में 12 स्थानों पर कुर्बानी की जगह चिन्हित की गई जिसपर नपा एचओं ने कहा कि हमारे रिकार्ड अनुसार तों 9 जगह चिन्हित है 3 नवीन जगह नही है जिसपर श्री खान ने कहा कि जगह की कमी को देखते हुए और दूरी को देखते हुए 3 नवीन स्थान बढ़ाऐं गये है जिसपर सभी नें चर्चा करने के बाद एक नवीन स्थान को बढ़ने की सहमति बनी है । एसडीएम नें कहा कि नपा के पास पर्याप्त संसाधन नही है, इस लिए नवीन स्थान नहीं बढ़ाया गया है एक रोहिलपुरा की दूरी को देखते हुए स्थान को बडाया गया है अब 9 की जगह 10 स्थानों पर कुर्बानी की जाएगी । वही बकरे की कुर्बानी जों लोग करते है अपने-अपने घरो मे वों करे व साफ सफाई का ध्यान रखे । वही ईदगाह पर सुबह 7 बजे ईद की विषेष नमाज अदा की जाएगी व अन्य 4 मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की जाएगी । अगर बारिश होती है तों ईदगाह पर नमाज होगी और अन्य मोहल्ले की छोटी मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की जाएगी । इस दौरान टीआई संदीप पंवार, मुफती अली अहमद, सुभान मंसूरी, पार्षद खालिद गौरी, नपा के नेता प्रतिपक्ष नदीम खान, पत्रकार रोहिता शर्मा, सलमान खांन, सलमान अमीन आदि लोग उपस्थित हुए ।

### कुर्बानी की कोई भी फोटो/सोशल मीडिया पर न डाले

एसडीओपी उमेश तिवारी ने कहा कि कुर्बानी की कोई भी फोटो सोषल मीडिया पर न डाले।अफवाहों और गलत भ्रांतियों पर न दे ध्यान - एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि अफवाहों और गलत भ्रांतियों पर न दे ध्यान नपा जों व्यवस्थाऐं करती आई है वों करेगी। कलेक्टर एवं दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने ईदुज्जुहा पर्व का 17 को आयोजन के परिपेक्ष्य में संबंधित विभागो के जिलाधिकारियों को सौंपे गए को दायित्व ईदुज्जुहा के उपलक्ष्य में किए जाने वाले प्रबंधो का समय पर क्रियान्वयन कराने के निर्देश ।

### यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के द्वारा जारी आदेशो में उल्लेख के अनुसार पुलिस को यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन हेतु, जिले के सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्टेऊट की तैनाती सुनिश्चित कराते हुए पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर ईदुज्जुहा के त्यौहार पर प्रातः सात बजे से दस बजे के मध्य नमाज अदा की जाएगी। इस दौरान विभिन्न मस्जिदो में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराते हुए शांति समिति, मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर समन्वय स्थापित किया जाए।

### बिजली की आपूर्ति के निर्देश

ईदुज्जुहा पर्व पर जिले की विभिन्न मस्जिदो में नमाज अदा की जाएगी उक्त अवधि के दौरान मस्जिदो, नमाज स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग किया जाएगा इसके लिए बिजली की आपूर्ति सतत बनी रहें के प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के महाप्रबंधक को दिए गए है। इसी प्रकार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी विद्युत की सतत आपूर्ति बनी रहें के प्रबंध सुनिश्चित करेंगे।

### मस्जिद के आसपास साफ-सफाई एवं मवेशियों तथा सुअरों को पकड़ने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री वैद्य के द्वारा जिले के सभी निकायों को अधिकारियों को निर्देश दिए गए है नगरीय क्षेत्रो में स्थित मस्जिद के आसपास साफ-सफाई कार्य कराने, चूने की लाइन सुनिश्चित कराने, ऐसी मस्जिदे जिनका पहुंच मार्ग सही नही है उक्त मार्ग का मरम्मत कार्य कराने हेतु संबंधित निकाय के अधिकारी को निर्देशित किया गया है। ईदुज्जुहा के पर्व पर अथवा 17 जून को जल आपूर्ति पृथक से सुनिश्चित कराने, मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में पानी के टेंकर की व्यवस्था करने, ईदगाह मस्जिदो के आस-पास आवारा मवेशियो तथा सुअरो को पकड़ने की कार्यवाही त्यौहार के पूर्व सुनिश्चित कराने तथा ऐसी मस्जिदे जहां 17 जून को नमाज अदा की जानी है उनके समीप ऐसी व्यवस्थाएं की जाएगी कि नमाज के दौरान आवारा मवेशी अन्दर प्रवेश ना कर सकें। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो में कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेषो के एकत्रिकरण हेतु पृथक से व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु निकायो के अधिकारियों को ताकीद किया गया है।

### गुलबदीन नाइब ने सिक्स लगाकर दिलाई जीत, फारूकी ने 3 विकेट झटके

# अफगानिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में किया क्वालिफाई

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में अफगानिस्तान ने जगह बना ली है। टीम ने पापुआ न्यू गिनी को 7 विकेट से हराया दिया है। टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पापुआ न्यू गिनी 19.5 ओवर में 95 रन पर ऑलआउट हो गई। फजलहक फारूकी ने 4 ओवर के स्पेल में 16 रन देकर 3 विकेट लिए। जवाब में अफगानिस्तान ने 15.1 ओवर में 3 विकेट खो टारगेट चेज कर लिया। गुलबदीन नाइब ने नाबाद 49 रन की पारी खेली।

#### 4 बल्लेबाज हुए रनआउट

टीम की ओर से शानदार गेंदबाजी देखने को मिली। पापुआ न्यू गिनी ने पावरप्ले ने महज 30 रन बनाए और 5 विकेट खो दिए। इसके बाद चाड सोपर और किपलिंग डोरिगा ने पारी को संभालने के कोशिश की। लेकिन, 10वें ओवर में चाड सोपर को नूर अहमद ने रनआउट कर दिया। 8वें विकेट के लिए एली नाओ और डोरिगा के बीच सबसे ज्यादा 38 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को नूर अहमद ने तोड़ा। उन्होंने डोरिगा को 27 रन पर एलबीडब्ल्यू किया। टीम 19.5 ओवर में 95 रन ही बना सकी। टीम के 4 बल्लेबाज रनआउट हुए। फारूकी ने 4 विकेट लिए। वहीं, नवीन उल हक ने 2 विकेट मिले। जबकि नूर अहमद को एक सफलता मिली।



#### सुपर-8 में भारत के ग्रुप में आ सकता है बांग्लादेश: श्रीलंका और न्यूजीलैंड बाहर, आज अमेरिका जीता तो पाकिस्तान

टी-20 वर्ल्ड कप में गुरुवार को ग्रुप डी के मुकाबले में बांग्लादेश ने नीदरलैंड को हरा दिया। बांग्लादेश की जीत के साथ ही 2014 की चैंपियन श्रीलंका की टीम सुपर-8 की रेस से बाहर हो गई है। साउथ अफ्रीका इस ग्रुप से पहले ही क्वालिफाई कर चुका है। ग्रुप सी से टॉप-2 टीमें वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान सुपर-8 में जगह बना चुकी है। न्यूजीलैंड रेस से बाहर हो गई है। अब बांग्लादेश या नीदरलैंड में से कोई एक टीम सुपर-8 में पहुंचेगी। इनमें से जो भी टीम आगे बढ़ती है वह अगले राउंड में उसी ग्रुप में पहुंचेगी जिसमें टीम इंडिया होगी। ऐसा क्यों होगा आगे समझते हैं। उससे पहले देख लेते हैं पॉइंट्स टेबल में सभी टीमों की मौजूदा स्थिति क्या है।
**भारत का रास्ता पहले से साफ:** भारतीय टीम नंबर-1 पर है। टीम पहले ही सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। कनाडा के खिलाफ मैच के नतीजे का भारत की संभावनाओं पर कोई असर नहीं होगा।

#### अमेरिका को चाहिए सिर्फ एक पॉइंट

अगर अमेरिका की टीम आज आयरलैंड से जीतती है तो वह 6 पॉइंट्स के साथ आगे बढ़ जाएगी और पाकिस्तान का पत्ता साफ हो जाएगा। इस मैच में बारिश की 60 फीसदी संभावना है। अगर मुकाबला रद्द होता है तो भी अमेरिका की टीम 5 पॉइंट्स के साथ सुपर-8 में पहुंच जाएगी।

**पाकिस्तान के लिए दो शर्तें:** पाकिस्तान को आयरलैंड के खिलाफ हर हाल में जीत चाहिए। इसके अलावा उसे यह भी दुआ करनी होगी कि अमेरिका की टीम आयरलैंड के खिलाफ हार जाए।

**कनाडा के रास्ते लगभग बंद:** कनाडा के पास गणित के लिहाज से चांस है, लेकिन प्रैक्टिकली उसके रास्ते लगभग बंद हो चुके हैं। कनाडा को अपनी संभावनाओं को जिंदा रखने के लिए भारत के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करनी पड़ेगी। आयरलैंड को सुपर-8 में पहुंचने के लिए अपने आखिरी दोनों मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। इस स्थिति में आयरलैंड और अमेरिका के एक समान 4-4 पॉइंट्स होंगे।

### फीफा विश्व कप क्वालीफायर

## भारतीय टीम को 1-2 से हार झेलनी पड़ी



**दोहा, एजेंसी**

भारतीय खिलाड़ियों और मुख्य कोच इगोर स्टिमैक को पूरी उम्मीद थी कि कतर के खिलाफ मैच जीतकर टीम इतिहास रच देगी और फीफा विश्व कप फुटबॉल क्वालीफायर के तीसरे राउंड में जगह बना लेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका और कड़े मुकाबले में भारतीय टीम को 1-2 से हार झेलनी पड़ी। इसके साथ ही टीम का पहली बार तीसरे राउंड में जगह बनाने का सपना टूट गया। इस हार के बाद निराश भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कहा कि हमारे साथ बेईमानी हुई है।

**एआइएफएफ ने फैसले के विरोध में लिखा पत्र:** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) ने अपने बयान में रेफरी के गलत फैसले की निंदा की। एआएफएफ ने कहा कि उसने इस मामले की जांच शुरू करने के लिए फीफा क्वालीफायर प्रमुख, एएफसी रेफरी प्रमुख, एएफसी प्रतियोगिता प्रमुख और खेल के मैच आयुक्त को लिखा है। महासंघ ने लिखा, जीत-हार खेल का अभिन्न अंग हैं और हमने इसे शालीनता से स्वीकार करना सीख लिया है, पर कल रात भारत के खिलाफ किए एक गोल ने कुछ सवाल अनुत्तरित छोड़ दिए। स्टिमैक ने कहा, हमारे साथ अन्याय हुआ है। हम मैच जीतने और तीसरे राउंड में क्वालीफाई करने के बहुत करीब थे, लेकिन गलत फैसले के कारण ऐसा नहीं हो सका। मैंने रीप्ले में देखा। गेंद लाइन से बाहर थी लेकिन फिर भी गोल दे दिया गया। भारतीय टीम ने 37वें मिनट में लालियानजुआला चांग्ते के गोल से मैच में 1-0 से बढ़त कायम कर ली थी। लेकिन 73वें मिनट में यूसूफ अयमन के विवादास्पद गोल और अहमद अल रावी के 85वें मिनट में किए गोल से कतर 2-1 से जीत गया।



### मेट्रो बाजार

## अदाणी समूह की कंपनी ने पेन्ना सीमेंट का अधिग्रहण किया

### 10422 करोड़ रुपये में हुआ सौदा

**मुंबई, एजेंसी**

अदाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) का 10,422 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर अधिग्रहण करने की घोषणा की। अधिग्रहण के लिए एक बाध्यकारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते से अदाणी समूह की सीमेंट उत्पादन क्षमता 14 करोड़ बढ़ जाएगी। इससे समूह के सीमेंट उत्पादन की कुल क्षमता 89 करोड़ (मिलियन टन प्रति वर्ष) हो जाएगी अंबुजा अपने मौजूदा प्रवर्तक समूह पी प्रताप रेड्डी और परिवार से पीसीआईएल के 100 प्रतिशत शेयर हासिल करेगी। पीसीआईएल के पास आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और राजस्थान (निर्माणाधीन) में 1.4 करोड़ टन सालाना उत्पादन क्षमता है। इसके अलावा, जोधपुर संयंत्र में इसके पास अधिशेष क्लिंकर है जो अतिरिक्त 3 एमटीपीए सीमेंट पीसने की क्षमता बढ़ाएगी।



बयान में कहा गया है कि यह कोलकाता, गोपालपुर, कराईकल, कोच्चि और कोलंबो में पांच बल्क सीमेंट टर्मिनलों के साथ अदाणी समूह के समुद्री परिवहन लॉजिस्टिक्स को भी मजबूत करेगा, ताकि प्रायद्वीपीय भारत की सेवा की जा सके। इस अधिग्रहण से पूरे भारत के सीमेंट बाजार में अदाणी समूह की हिस्सेदारी क्रमश-दो प्रतिशत और दक्षिण भारत में आठ प्रतिशत बढ़ेगी।

## चावल-दाल और सब्जियों ने बढ़ाई खाद्य महंगाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में खुदरा महंगाई बढ़ने की रफ्तार मई में थोड़ी सुस्त हुई और यह 4.75 फीसदी बढ़ी जो एक साल में सबसे कम है। पिछले महीने खाद्य महंगाई दर में भी मामूली कमी आई है और यह अप्रेल के 8.70 फीसदी के मुकाबले 8.69 फीसदी बढ़ी। विशेषज्ञ मई में खुदरा महंगाई 5 फीसदी से अधिक खाद्य महंगाई 9 फीसदी बढ़ने का अनुमान लगा रहे थे। हालांकि, अनाज, साग-सब्जियों और दाल की महंगाई अभी भी लोगों को सता रही है। सलाना आधार पर दाल की कीमतें 17 फीसदी तो सब्जियों की कीमतें 27 फीसदी बढ़ी हैं। खाद्य महंगाई दर बढ़ने से जल्द ईएमआइ कम होने की उम्मीदें धुमिल होने लगी है। आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास कह चुके हैं कि केंद्रीय बैंक आगे के नीतिगत कदम पर तभी विचार कर सकता है जब उसे सकल मुद्रास्फीति यानी खुदरा महंगाई दर 4 फीसदी पर स्थिर रहने का भरोसा हो। हालांकि, माइनिंग और बिजली क्षेत्र के बढ़िया प्रदर्शन से अप्रेल में देश के औद्योगिक उत्पादन में 5 फीसदी की जबरदस्त तेजी आई है।

### यूरो कप फुटबॉल 2024: हर शाम लाइट शो से रोशन होगा आसमान



**फ्रैंकफर्ट, एजेंसी.** जर्मनी की मेजबानी में यूरो कप फुटबॉल 2024 की शुरुआत 14 जून से होने जा रही है। टूर्नामेंट का आयोजन 10 शहरों में होगा, जिसमें फ्रैंकफर्ट भी शामिल है। मंगलवार रात को फ्रैंकफर्ट की सबसे महत्वपूर्ण मेन नदी के पास शानदार लाइट शो का परीक्षण किया गया। यह शो यूरो कप के दौरान शहर के मनोरंजन कार्यक्रम का हिस्सा है और हर शाम इसका आयोजन होगा। जर्मनी 1988 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है।

### टी-20 रैंकिंग नंबर-1 ऑलराउंडर बने मोहम्मद नबी

**दुबई, एजेंसी**

अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी आइसीसी की ताजा टी-20 रैंकिंग में शीर्ष ऑलराउंडर बन गए हैं। उन्होंने बांग्लादेश के शाकिब अल हसन को पीछे छोड़ा, जो पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। वहीं नबी को ताजा रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस दूसरे जबकि श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा तीसरे स्थान पर हैं। हैरानी की बात यह है कि भारत को कोई खिलाड़ी शीर्ष 10 में जगह नहीं बना सका है।

### टेनिस: नॉटिंघम ओपन के दूसरे दौर में पहुंची

## एम्मा राडुकानु ने 713 दिन के बाद घर में पहली जीत दर्ज की



**नॉटिंघम.** ब्रिटेन की 21 वर्षीय एम्मा राडुकानु ने खेले जा रहे नॉटिंघम ओपन टेनिस टूर्नामेंट में जीत से आगाज किया। हाल में चोट से उबरकर वापसी करने वाली राडुकानु की अपने घर में 713 दिन बाद यह पहली जीत है। राडुकानु ने राउंड-32 में जापान की एना शिबाहारा को 6-1, 6-4 से करारी शिकस्त दी।

## प्रणय और आकर्षी ने किया जीत से शानदार आगाज

**दोहा, एजेंसी**

भारत के पुरुष एकल शटलर खिलाड़ी एचएस प्रणय और महिला एकल खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने यहां खेले जा रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडटिंन टूर्नामेंट में जीत से आगाज किया। इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई कर चुके प्रणय ने राउंड-32 में ब्राजील के यागोर डी ओलिवेरा को 21-10, 21-21 से शिकस्त दी। वहीं, किरेन जॉर्ज ने भी पहले मुकाबले में चीन के एस झियाडोंग को 21-17, 21-10 से हराया। महिला एकल में युवा बारतीय खिलाड़ी आकर्षी कश्यप ने जबरदस्त प्रदर्शन किया और और यूक्रेन की पोलिना बुहुरोवा को 21-14, 21-11 से मात देकर अंतिम-16 में जगह बनाई।

### मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

## अल्लू अर्जुन के फैंस को बड़ा झटका, 15 अगस्त को रिलीज नहीं होगी 'पुष्पा 2'

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा 2' अब 15 अगस्त को रिलीज नहीं होगी। अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म 'खेल खेल में' की रिलीज सितंबर की बजाय अब अगस्त में ही करने की तैयारियां से इसका खुलासा हो गया है। 'अमर उजाला' के हैदराबाद स्थित सूत्रों ने जानकारी दी है कि फिल्म 'पुष्पा 2' के स्थान पर फिल्म 'खेल खेल में' रिलीज करने को लेकर दोनों फिल्मों के निर्माताओं के बीच बात हो चुकी है। फिल्मों में शुमार रही निर्देशक सुकुमार की अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल अभिनीत फिल्म 'पुष्पा 2' के ताजा अपडेट 'अमर उजाला' ने ही सबसे पहले इस महीने की शुरुआत से देने शुरू किए थे। फिल्म की हैदराबाद में चल रही शूटिंग पर मौजूद लोगों से बातचीत करने के बाद 'अमर उजाला' ने 5 जून को ही बता दिया था कि इस फिल्म का अब 15 अगस्त को रिलीज हो पाना बहुत मुश्किल है। फिल्म में विलेन बने फहद फासिल की शूटिंग समय से पूरी न हो पाने के चलते भी फिल्म का शूटिंग शेड्यूल काफी ऊपर नीचे होता रहा है। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज 15 अगस्त को होनी है, ये तय होने के बाद से तमाम हिंदी और दूसरी भाषाई फिल्मों ने अपनी फिल्मों की रिलीज डेट आगे पीछे कर ली थी। सबसे पहले इस तारीख पर फिल्म रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' उर्फ 'सिंघम 3' के आने का एलान हुआ था लेकिन 'पुष्पा 2' के इसी तारीख को आने की घोषणा के बाद निर्देशक रोहित शेट्टी ने फिल्म 'सिंघम अगेन' को खिसकाकर दिवाली के पास कर लिया था। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज टलने के बाद भी अजय देवगन की इस फिल्म के अब 15 अगस्त को वापस रिलीज होने की संभावना नहीं है।



## आलसी गांव में एक स्मार्ट पुलिसवाला बन पहुंचे नवाजुद्दीन, क्या खुल जाएगा राज?



नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म रौतू का राज का दिलचस्प ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें अभिनेता आलसी गांव में एक स्मार्ट पुलिस वाले की भूमिका में कमाल कर रहे हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म च्रौतू की बेलीज, जिसका नाम अब च्रौतू का राजज है, जल्द ही जी5 और ओटीटीप्ले प्रीमियम पर रिलीज होने वाली है। हाल ही में जारी हुए फिल्म के पोस्टर ने दर्शकों का ध्यान खींचा। वहीं, अब इसका धमाकेदार ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है। ट्रेलर के माध्यम से डायरेक्ट-टू-डिजिटल रिलीज फिल्म के बारे में अधिक जानकारी दी है। ट्रेलर में, हम देखते हैं कि नवाजुद्दीन एक आलसी गांव में एक स्मार्ट पुलिस वाले की भूमिका में कमाल कर रहे हैं।
ट्रेलर में, हम नवाजुद्दीन को इंस्पेक्टर दीपक नेगी नाम के एक पुलिसकर्मी की भूमिका में देखते हैं। वहीं, राजेश कुमार की भूमिका में नरेश डिमरी जांच में उनकी मदद करते हैं। नेगी को उत्तराखंड के मसूरी में स्थित छोटे से हिल स्टेशन रौतू में एक हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए लाया गया है। सेवाधाम स्कूल में एक हत्या हुई है और हिल स्टेशन में जंगल की आग की तरह गपशप फैल गई है। इस गांव का नाम रौतू की बेली है और वहां हर चीज अजीब होने की आशंका है। हिल स्टेशन के पुलिस का मानना है कि यह हत्या नहीं हो सकती क्योंकि लोग मरते हैं, या खुद को मारते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि 15 साल में एक भी हत्या नहीं हुई है। यही बात बताती है कि यह गांव कितना आलसी है। ट्रेलर में सुनने को मिलता है कि रौतू की बेली का अपराध रिकॉर्ड हिल स्टेशन के मूड जैसा है-धीमा और आरामदेह। गंभीर जांच के बीच में, हमेशा ऐसे क्षण आते हैं जो बेहद मजेदार होते हैं। आनंद सुरपुर द्वारा निर्देशित, रौतू का राज में तनुज मेहरा के रूप में अतुल तिवारी और वार्डन संगीता के रूप में नारायणी शास्त्री भी हैं। यह फिल्म 28 जून से जी5 और ओटीटीप्ले प्रीमियम पर उपलब्ध होगी।

## रश्मिका मंदाना ने 'एनिमल' में रणबीर के किरदार को बताया बेवकूफ!



रश्मिका मंदाना अक्सर सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ बातचीत करती रहती हैं। अभिनेत्री ने अब अपनी पिछली रिलीज एनिमल में अपने किरदार गीतांजलि पर आधारित एक प्रशंसक की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है। फिल्म में उन्होंने रणबीर कपूर के किरदार रणविजय की पत्नी की भूमिका निभाई थी। रश्मिका ने अपने प्रशंसकों से बेवकूफ पुरुषों के चक्कर में न पड़ने का भी आग्रह किया है। एक्स पर, एक प्रशंसक ने फिल्म एनिमल से एक संपादित वीडियो पोस्ट किया, जहां रश्मिका का किरदार उस आदमी पर भरोसा करने के बाद पीड़ित दिखाई दे रहा है, जिसे उसने सोचा था कि वह उसके प्रति वफादार होगा। वीडियो में संक्षेप में बताया गया है कि कैसे रणविजय के पास गीतांजलि के रूप में एक वफादार पत्नी थी, फिर भी उन्हें किसी अन्य स्त्री से प्यार हो गया, और फिल्म में तृप्ति डिमरी के किरदार जोया के साथ उनका रिश्ता था। जब यह बात गीतांजलि को पता चलती है तो उसे बहुत दुख होता है। प्रशंसक ने इस वीडियो को साझा किया और लिखा, याद रखें एक आदमी पर भरोसा करने से ज्यादा डरावना कुछ भी नहीं है। इस वीडियो ने रश्मिका का ध्यान खींचा, और अभिनेत्री खुद को इस पर प्रतिक्रिया देने से नहीं रोक पाई। रश्मिका ने लिखा, च्एक बेवकूफ इंसान पर भरोसा करना डरावना हो सकता है, लेकिन इस संसार में कई अच्छे इंसान भी हैं। ऐसे पुरुषों पर विश्वास करना काफी खास हो सकता है।

## बार-बार बदल रहा मौसम का मिजाज



भोपाल। प्री-मानसून एक्टिविटी के चलते इन दिनों मौसम का बार-बार मिजाज बदल रहा है। आसमान पर बादल छाए रहे।

### करीब पंद्रह-बीस दिन से बिगड़ गया था मानसिक संतुलन

# तांत्रिक के घर झाड़फूंक कराते समय भागा किसान, जंगल में पेड़ पर लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव रावतपुरा के जंगल में गुरुवार सुबह किसान की लाश पेड़ पर तौलिये के सहारे फंदे पर लटकी मिलने से सनसानी फैल गई। दरअसल, गांव काला पाठा में रहने वाला किसान परिवार के साथ रावतपुरा तांत्रिक के घर गया था। वहां झाड़ फूंक चल रहीड़थी और बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात वह तांत्रिक के सामने से भाग निकला। परिजन उसकी तलाश करते हुए जंगल पहुंचे तो उसकी लाश पेड़ पर लटकी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है।



एएसआई बेनी प्रसाद ने बताया कि भैयालाल गुर्जर पिता जगन्नाथ गुर्जर (35) गांव काला पाठा, नजीराबाद में रहता था और खेती किसानी करता था। उसकी ससुराल रावतपुरा में है। करीब पंद्रह से बीस दिन पहले भैयालाल का मानसिक संतुलन बिगड़ गया था। इस दौरान मायके पक्ष ने बताया कि रावतपुरा में तांत्रिक के पास इलाज कराने से उसे आराम मिल जाएगा। पत्नी उसे रावतपुरा लेकर पहुंची। बुधवार रात करीब 9 बजे परिवार तांत्रिक के पास देव स्थान पर पहुंचा था। वहां तांत्रिक ने कहा कि झाड़फूंक और पूजन पाठ का समय रात एक बजे से शुरू करेंगे। परिजन देव स्थान पर ही रुका रहा और रात करीब एक बजे के आसपास तांत्रिक ने झाड़फूंक शुरू कर दी। तांत्रिक की झाड़फूंक के बीच भैयालाल गुर्जर वहां निकलकर भाग गया। देर रात परिजन ने उसकी तलाश की, लेकिन जंगल की तरफ भागने के कारण वह नहीं मिल सका। सुबह परिजन भैयालाल की तलाश में एक बार फिर जंगल की तरफ गए थे। इस दौरान भैयालाल की लाश पेड़ पर तौलेये के सहारे लटकी मिली।

# जमीन का विक्रय पत्र बनाकर ढाई करोड़ की ठगी, दो जालसाजों पर प्रकरण दर्ज

### विक्रय पत्र के आधार पर प्राइवेट बैंक से ले लिया था एक करोड़ का लोन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** चूनाभट्टी क्षेत्र में रहने वाले एक किसान को दो जालसाजों ने ढाई करोड़ रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने डेवलपमेंट के नाम पर किसान की ढाई एकड़ जमीन लीड़थी, लेकिन वह डवलप नहीं कर सके। इसके बाद आरोपियों ने जमीन का विक्रय अनुबंध बना लिया और प्लॉट बेचकर जमीन का रुपए देने का कहा, डेढ़ करोड़ का प्लॉट बेचने के बाद भी आरोपियों रकम नहीं दी।




इतना ही नहीं आरोपियों ने किसान की जमीन पर एक करोड़ रुपए का लोन भी ले लिया। जब लोन नहीं चुकाया गया तो लोन देने वाली निजी बैंक ने जमीन के अधिकग्रहण की प्रोसेस की और किसान को एक करोड़ रुपए जमीन बचाने के एवज में देने पड़े। परेशान होकर किसान ने पुलिस के आलाधिकारियों को शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन जांच के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी और अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

शाहजहांनाबाद पुलिस के अनुसार चूनाभट्टी निवासी उत्तम सिंह रघुवंशी, की कोलार में ढाई एकड़ कृषि योग्य भूमि हैं। इसके अलावा उत्तम सिंह प्रॉपर्टी डीलिंग भी करते हैं। उनकी पहचान प्रॉपर्टी डीलिंग और डवलपमेंट करने वाले मनीष कुमार वर्मा अड़ैर युगल किशोर थी। उत्तम सिंह ने कहा कि उनकी कोलार में ढाई एकड़ जमीन है और उसे डवलप करना है। आरोपियों ने कहा था कि डवलपमेंट में आठ करोड़ अस्सी लाख रुपए का खर्च आएगा।

### बनाया विक्रय अनुबंध

आरोपी जब जमीन का डवलपमेंट नहीं करा सके तो उन्होंने कहा था कि जमीन का सौदा कर लेते हैं और मिलकर प्लॉट बेच देंगे। उत्तम सिंह उनकी बातों में आ गए और उप पंजीयक कार्यालय पहुंचकर विक्रय अनुबंध करा लिया। अनुबंध के तहत आरोपियों को जमीन का आठ करोड़ अस्सी लाख रुपए उत्तम सिंह को देना था। विक्रय अनुबंध होने के बाद आरोपी मनीष कुमार वर्मा और युगल किशोर ने एक प्लॉट डेढ़ करोड़ रुपए में बेच दिया। बाकि की जमीन पर आरोपियों ने प्राइवेट बैंक से एक करोड़ रुपए फायनेंस भी करा लिए, लेकिन उत्तम सिंह को कुछ भी रुपए नहीं दिए गए। लोन की रकम नहीं चुकाने के कारण उत्तम सिंह की जमीन पर बैंक अधिग्रहण करने वाला था। अपनी जमीन को बचाने के लिए उत्तम सिंह ने अपनी जेब से एक करोड़ से ज्यादा की रकम बैंक को चुकाई। लगातार नुकसान होने के बाद उत्तम सिंह ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की थी। इसके बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# छत पर फूल तोड़ते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आई बच्ची, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पारस नगर करोंद में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से 11 साल की बच्ची की मौत हो गई। घटना गत 7 जून की दोपहर की बताई जा रही है। हाईटेंशन लाइन से झुलसने के बाद उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार इजमा पिता अशद (11) पारस नगर, करोंद में रहती थी और चौथी कक्षा में पड़ती थी। उसके पिता आटो चालक हैं। परिजन ने पुलिस को बताया कि गत 7 जून की दोपहर इजमा छत पर खड़ी होकर पेड़ से फूल तोड़ रही थी, तभी पास से गुजरी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। करंट का तगड़ा झटका लगने के कारण परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उसकी मौत हो गई।

# बुजुर्ग को टक्कर मारने वाले बाइक चालक पर केस दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हबीबगंज स्थित चार इमली इलाके में वल्लभ भवन के प्रोटोकॉल अधिकारी संजय सिंह के पिता को टक्कर मारने वाले बाइक सवार युवक पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। टक्कर लगने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया, वहां उनकी मौत हो गई थी। पुलिस के मुताबिक रघुवीर सिंह चौहान (84) अपने बेटे के साथ चार इमली में रहते थे। उनके बेटे संजय सिंह चौहान वल्लभ में प्रोटोकाल अधिकारी हैं। रघुवीर सिंह रोजाना सुबह और शाम को टहलने के लिए जाते थे. बुधवार की शाम करीब साढ़े सात बजे वह घर से टहलने के लिए निकले थे, तभी मेन रोड पर एक बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। टक्कर मारने वाले बाइक सवार ने ही उन्हें इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद रघुवीर को मृत घोषित कर दिया था।

# बालिकाओं-महिला पुलिस अधिकारियों ने किया संवाद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

महिला हिंसा की रोकथाम और जागरुकता को लेकर राहुल नगर मल्टी में पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं से महिला पुलिस अधिकाारियों ने संवाद किया। कार्यक्रम में इलाके की करीब 200 महिलाओं और बालिकाओं ने हिस्सा लिया। जानकारी के अनुसार शहर की गरीब और झुग्गी बस्तियों में रहने वाली महिलाओं और बालिकाओं की जागरूकता को लेकर लगातार अभियान चलाकर पुलिस चौपाल लगाई जा रही है। इसी कड़ी में राहुल नगर मल्टी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एसीपी निधि सक्सेना, कमला नगर थाना प्रभारी निरूपा पांडे, एसआई कविता उइके, एएसआई निधि त्रिपाठी महिला सुरक्षा शाखा एवं ऊर्जा डेक्स सहायिका हेड कांस्टेबल सुनंदा चौधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में राहुल नगर मल्टी की महिलाओं से उनकी समस्याएं जानी गई एवं निदान हेतु उपाय बताए गए। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराते हुए सभी को पुलिस हेल्पलाइन नंबरों की जानकारियां दी गई। इसके साथ ही बालिकाओं को उनके उज्जवल भविष्य बनाने, गुड-टच और बेड-टच के साथ ही सायबर अपराधों के बारे में जागरुक किया। कार्यक्रम के अवसर पर महिला अफसरों ने बालिकाओं और महिलाओं द्वारा पूछे गए सवालों का समाधान भी किया गया।

# बिजली के तार के 14 बंडल व दो लोडिंग वाहन समेत 11 लाख का माल बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

### बैरसिया पुलिस की कार्रवाई, एक आरोपी फरार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया पुलिस ने शमशाबाद जोड़ आईटीआई के पास से दो लोडिंग पिकअप वाहन पर सवार तीन लोगों को गिरफ्तार कर चोरी के बिजली के तार के 14 बंडल बरामद किए हैं। बरामद बिजली के तार की कीमत तीन लाख रुपए बताई गई है जबकि दोनों लोडिंग वाहनों की कीमत 8 लाख रुपए आंकी गई है। एक आरोपी फरार बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक विगत 12 जून को सूचना मिली कि तीन लोग दो लोडिंग पिकअप वाहन लिए शमशाबाद जोड़ आईटीआई के पास खड़े हैं। वाहन में बिजली के तार रखे हैं। बिजली के तार ग्राम जमूसर कला, ग्राम हिनोतिया पीरान, ग्राम चांदा सलोई, ग्राम अर्राई व आसपास के गांवों के बिजली के खंभों से चोरी हुए हो सकते हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर लोडिंग वाहन और उसमें सवार तीनों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर तीनों ने अलग-अलग कहानियां सुनाकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया लेकिन जब पुलिस से सख्त रवैया अपनाया तो आरोपियों ने परवलिया सडड़ व बैरसिया थाना क्षेत्रों से



बिजली के तार चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के बिजली के तार के बंडल व तार काटने के औजार बरामद किए हैं। आरोपियों के नाम नफीस खान (34) निवासी ग्राम बरखेड़ा जागीर जिला विदिशा, आरिफ शाह (28) निवासी ग्राम हर्राखेड़ा थाना गुनगा व फरीद शाह (32) निवासी ग्राम बरखेड़ा जागीर थाना बैरसिया बताए गए हैं। तीनों आरोपी यहां हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद निशातपुरा में रह रहे थे। पुलिस फरार आरोपी कल्लू उर्फ कैलाश प्रजापति निवासी ग्राम बरखेड़ा जागीर की तलाश कर रही है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित कमल नगर रेलवे ट्रैक पर गुरुवार सुबह एक युवक की लाश बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि युवक ने ट्रेन से कटकर जान दी है। हालांकि पुलिस आत्महत्या और हादसा दोनों ही पहलुओं पर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 9 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि कमल नगर निशातपुरा रेलवे ट्रैक पर किसी युवक की लाश पड़ी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। मृतक की शिनाख्त रतन कॉलोनी, निशातपुरा निवासी 36 साल के सुरेंद्र जाटव के रूप में की गई। सुरेंद्र के परिजन ने बताया कि वह सेंट्रिंग बांधने का काम करता था और शराब पीने का आदी था। करीब पंद्रह बीस दिन से उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था और वह काम पर भी नहीं जा रहा था।

**मेट्रो एंकर** जन सामुदायिक पुलिस योजना में लाभान्वित ढाई हजार बच्चों के लिए खेलकूद स्पर्धा

# ऑल ओवर चैंपियन की ट्रॉफी विजेता 200 मी. 400 मी. दौड़ कबड्डी, खो-खो में उदय संस्था का बेहतर प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सामुदायिक पुलिस योजना गत 3 वर्षों से भोपाल जिले में संचालित की जा रही है। इसमें लगभग ढाई हजार बच्चे भोपाल के 18 झुग्गी बस्तियों से सीधे जुड़े है और 12 थाना क्षेत्रों में ये थानों के सौजन्य से यह संचालित हो रही है। इसके अंतर्गत 5 सामाजिक संस्थाएं बचपन, उदय, संगिनी, आरम्भ एवं मुस्कान संस्थाएं हैं वे बढ़ चढ़कर इसमें योगदान दे रही है तथा झुग्गी बस्तियों में किशोर बालक बालिकाओं को पुलिस की सामुदायिक योजना से जोड़कर उनके प्रशिक्षण कैंप संचालित कर विशेष योगदान दे रही है।

प्रशिक्षण कैंप में बच्चों को कानून की पड़ाई, सुरक्षा के बारे में जानकारी, आत्मरक्षा के गुण एवं मार्शल आर्ट तथा स्वालंबन तथा करियर डेवलपमेंट के बारे में भी जानकारी एवं प्रशिक्षण पुलिस के माध्यम से प्रदान किया जाता है।



सामुदायिक पुलिस योजना की यह अनूठी पहला भोपाल को सामुदायिक सुरक्षा सुरक्षा में एक विशिष्ट योगदान प्रदान कर रही है। इस कार्यक्रम की आज वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता पुलिस लाइन, नेहरू नगर में भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा एवं एसबीआई के सौजन्य से आयोजित की गई, जिसमें 800 मी 400 मी दौड़, कबड्डी खो-खो, रास्ता खींच, लंबी कूद, ऊंची कूद बोरा दौड़, जुंबा डांस, नींबू दौड़, मार्शल आर्ट इत्यादि प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लगभग 500 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं ट्रॉफी भेंट की गई जिसमें ऑल ओवर चैंपियन की ट्रॉफी उदय संस्था को भेंट की गई।

पुलिस कमिश्नर मुख्य अतिथि बतौर पहुंचे

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा पहुंचे थे। सामजिक संस्था बचपन, उदय, संगिनी, आरंभ एवं मुस्कान के सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक सामुदायिक पुलिसिंग डॉ. विनीत कपूर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, पुलिस उपायुक्त अखिल पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक अमृतलाल मीणा, आर आई जयसिंह तोमर एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022